राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 04
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 04 दिसंबर 2025
मूल्य : 2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में डियर पार्क के लिए टेंडर जारी होगा
पेज 4 बेकाबू ट्रेलर पलटा, डंपर समेत 4 गाड़ियां टकराईं : 3 की मौत
पेज 6 रायपुर में 'किंग कोहली' का जलवा, 53वें शतक से रचा इतिहास

## संक्षिप्त खबरें

### गुजरात के भावनगर में कॉम्प्लेक्स में आग, 19 का रेस्क्यू

**अहमदाबाद।** गुजरात के भावनगर में बुधवार सुबह एक कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। बेसमेंट में शुरू हुई आग देखते ही देखते पूरी बिल्डिंग में फैल गई। इसमें 4 अस्पताल और कई दुकानें हैं। आग के फैलते ही फर्स्ट फ्लोर के अस्पताल की खिड़की तोड़कर नवजातों को चादर में लपेटकर बाहर निकाला। वहीं दूसरे अस्पताल से भी मरीजों का रेस्क्यू किया गया। प्रशासन के मुताबिक, घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। इमारत से धुआं फैलने के कारण मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

### ग्वालियर पुलिस पर मुरैना में हमला, सिपाही को गोली मारी

**ग्वालियर।** ग्वालियर के महाराजपुरा थाना पुलिस पर मुरैना में हमला हो गया। हमलावरों ने टीम के साथ मारपीट की। एक सिपाही के पैर में गोली मार दी। टीम किसी तरह जान बचाकर भागी। घायल सिपाही को पहले मुरैना जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब ये है कि ग्वालियर पुलिस ने दबिश देने से पहले स्थानीय पुलिस को सूचना तक नहीं दी थी। महाराजपुरा थाना पुलिस बुधवार को हत्या के प्रयास के आरोपी को पकड़ने मुरैना के जनकपुर गांव पहुंची थी।

### हैप्पी मॉर्निंग


बॉयफ्रेंड- बाबू तुम्हारी बहुत याद आ रही है, क्या करूं?
गर्लफ्रेंड- कुछ नहीं मेरा सोना बस एक बार अपना अकाउंट बैलेंस चैक कर लो फिर मेरी याद क्या तुम्हें दूसरे चीज की याद आने लगेगी बॉयफ्रेंड सच में अब बार-बार मोबाइल ही देख रहा

### शायरी

नेता दुश्मन बन एक दुसरे के सामने आते है,
बाद में मिली जुली सरकार बनाते हैं.

### अर्थसार

संसेक्स:
85,106.81
-31.46 (0.037%)
निफ्टी:
25,986.00
-46.20



### मौसम



अधिकतम : 22 डिग्री से0
न्यूनतम : 06 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 7 : 00
सूर्यास्त गुरुवार : 5 : 25

# देश में महिलाओं पर बढ़े अपराध, तीन साल में 13 लाख मामले दर्ज

## महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि, एनसीआरबी के आंकड़ों से खुलासा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। देश में 2021 से 2023 के बीच महिलाओं के खिलाफ कुल 13,21,745 अपराध दर्ज हुए।

यानि औसतन हर तीन मिनट में एक महिला किसी न किसी अपराध का शिकार हुई।

गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार की ओर से राज्यसभा में पेश आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश इन तीन वर्षों में सबसे आगे रहा, जहां 1,88,207 मामले दर्ज हुए।

इसके बाद महाराष्ट्र में 1,31,958, राजस्थान 1,31,246, बंगाल 1,05,313 और मध्य प्रदेश में 95,780 मामलों ने स्थिति की गंभीरता को उजागर किया है।

महिलाओं के खिलाफ प्रमुख अपराधों में शामिल रहे पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के 4,09,929 मामले तो वहीं अपहरण के 2,49,284 मामले सामने आए।

सरकार ने बताया कि बच्चों के खिलाफ अपराधों में भी लगातार वृद्धि हुई है, जिनमें सबसे अधिक मामले अपहरण और पोक्सो अधिनियम के तहत दर्ज हुए।

2021-23 के बीच कुल बाल अपराध के 4,89,188 मामले दर्ज हुए।

मध्य प्रदेश में 61,981, महाराष्ट्र में 60,413 और उत्तर प्रदेश में 54,372 मामले दर्ज हुए। बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत 2023 में 6,038 मामले दर्ज हुए, जबकि 2022 में 1,002 और 2021 में 1,050 मामले थे।

### अपराधों की संख्या चिंताजनक

सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में बताया कि घरेलू हिंसा, अपहरण, यौन अपराध और बाल शोषण जैसी घटनाओं में लगातार तीन वर्षों में बढ़ोतरी देखी गई। गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने कहा कि अपराधों के ये रुझान सामाजिक और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों को उजागर करते हैं। विभिन्न राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों से जुड़े अपराधों की संख्या चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई है।



# छत्तीसगढ़ में 12 नक्सली ढेर, 3 जवान शहीद

## सभी नक्सलियों के शव बरामद, 4 दिन पहले मोदी-शाह ने स्ट्रैटजी बनाई थी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें डिविजनल कमेटी मेंबर वेल्ला मोडियम शामिल है। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। इस एनकाउंटर में डीआरजी के 3 जवान शहीद और 2 घायल हो गए हैं। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने पुष्टि की है।

बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि एनकाउंटर में बीजापुर डीआरजी के जवान हेड कॉन्स्टेबल मोनू वडारी, रमेश सोड़ी और कॉन्स्टेबल दुकारू गोंडे शहीद हो गए। गंगालूर थाना इलाके के जंगलों में जवानों की टीम लगातार सर्चिंग कर रही है।

एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि DRG, STF, COBRA और CRPF की जॉइंट टीम बुधवार सुबह 9 बजे से बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर के वेस्ट बस्तर डिवीजन इलाके में सर्च ऑपरेशन पर थी। जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू की। जवाबी कार्रवाई में नक्सली मारे गए।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। वीर जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आज हमारे बहादुर जवानों की बहादुरी से इतिहास लिखा जा रहा है। नक्सलवाद आखिरी सांसें ले रहा है। उन्होंने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि भी दी।



### नवी मुंबई में 11 महीने में 499 बच्चे लापता, पुलिस ने 458 बच्चों को ढूंढ़ा; 41 अब भी गुम

**मुंबई।** नवी मुंबई से जनवरी से नवंबर 2025 के बीच 499 बच्चों के अपहरण/लापता होने की शिकायतें दर्ज हुईं। पुलिस ने इनमें से 458 बच्चों को ढूंढ़ निकाला है, जबकि 41 बच्चे अब भी गायब हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक बरामद किए गए बच्चों के मामलों में अपराध की नीयत कम और व्यक्तिगत/भावनात्मक कारण ज्यादा सामने आए। 128 बच्चे प्रेम संबंधों के कारण और 114 बच्चे माता-पिता द्वारा डांटे जाने के बाद घर से निकल गए थे। इसके अलावा, 103 बच्चे रिश्तेदारों के यहां चले गए थे, 63 घूमने के लिए निकल पड़े और 48 अपने गर्लफ्रेंड के घर पहुंचे थे। एक मामला मानसिक अक्षमता और एक एडीआर से जुड़ा पाया गया। इन सभी मामलों में 25 प्रकरण पॉक्सो से संबंधित थे। आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी से 29 नवंबर के बीच लापता हुए 499 बच्चों में 349 लड़कियां शामिल थीं। पुलिस ने 458 बच्चों को ढूंढ़ निकाला, जिनमें से 315 लड़कियां थीं। अभी भी गायब 41 बच्चों में 34 लड़कियां और 7 लड़के हैं।

# 8 एयरपोर्ट पर इंडिगो की 100 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल

## कहीं तकनीकी वजह, कहीं क्रू की कमी, ठीक होने में 48 घंटे लगेंगे; डीजीसीए ने जवाब मांगा




**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** देश के 8 एयरपोर्ट पर बुधवार को कहीं तकनीकी वजह तो कहीं क्रू मेंबर्स की कमी से इंडिगो की 100 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं।

बेंगलुरु में 42, दिल्ली में 38, अहमदाबाद में 25, इंदौर में 11, हैदराबाद में 19, सूरत में 8 और कोलकाता में 10 फ्लाइट कैंसिल हुईं। बीते दो दिन में कंपनी की 200 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं।

इंडिगो एयरलाइन ने बयान जारी करते हुए कहा कि खराब मौसम, सिस्टम में गड़बड़ी और स्टॉफ से जुड़े नए नियमों के चलते फ्लाइट पर असर पड़ा है। हम असुविधा के लिए माफी मांगते हैं। अगले 48 घंटे में ऑपरेशन पूरी तरह ठीक हो जाएगा।

उधर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयरलाइन से जवाब मांगा है। दरअसल इंडिगो फ्लाइट में यह दिक्कत पिछले महीने से चल रही है। नवंबर में 1272 फ्लाइट को कैंसिल करना पड़ा। जिसमें से 755 उड़ानों के रद्द होने की वजह क्रू की कमी और स्टॉफ के ड्यूटी शेड्यूल में बदलाव था।

### नवंबर से पायलटों-क्रू से जुड़े नए नियम लागू

डीजीसीए ने पायलटों के काम से जुड़े नए नियम बनाए हैं। जिसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन कहते हैं। इन्हें दो चरणों में लागू किया गया। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ। वहीं 1 नवंबर से सेकेंड स्टेज के नियम लागू होने के बाद से एयरलाइंस खासतौर से इंडिगो की फ्लाइट्स पर असर दिखने लगा।

### नए नियम क्या हैं

पहले के मुकाबले अब पायलटों को हर हफ्ते 48 घंटे का अनिवार्य आराम देना होगा।
पहले एक पायलट 6 नाइट लैंडिंग कर सकता था। अब यह सीमा घटाकर 2 लैंडिंग कर दी गई।

# सावरकर मानहानि केस- राहुल गांधी की अर्जी पर सुनवाई

▸ पुणे कोर्ट ने कहा- राहुल उस समन आदेश पर कमेंट न करें जिसे उन्होंने चैलेंज नहीं किया



**पुणे।** पुणे की एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ वीर सावरकर के बारे में कथित टिप्पणी को लेकर चल रहे मानहानि केस की सुनवाई की। कोर्ट ने बुधवार को कहा कि राहुल ऐसे किसी आदेश पर कमेंट नहीं कर सकते जिसे उन्होंने ऊपरी अदालत में चैलेंज नहीं किया है। स्पेशल जज अमोल एस शिंदे ने कहा कि यदि राहुल गांधी को समन आदेश पर आपत्ति है तो उन्हें इसे ऊपरी अदालत में चुनौती देनी चाहिए।

राहुल गांधी की ओर से वकील मिलिंद पवार ने समन जारी करने संबंधी पुराने आदेश पर सवाल उठाते हुए कोर्ट में अर्जी दी। इसमें कहा गया कि शिकायतकर्ता सत्यकी सावरकर ने 2023 में जो समन का आदेश लिया था, वह पक्के सबूतों के बिना और दबाव बनाकर जल्दबाजी में हासिल किया गया था। सत्यकी सावरकर की तरफ से एडवोकेट संग्राम कोल्हटकर ने आरोपों पर आपत्ति लेते हुए कहा कि समन जारी करने का आदेश कोर्ट के पूर्व जज ने सभी सबूतों की जांच करने के बाद दिया था। उन्होंने कहा कि आरोपी पक्ष ने कोर्ट की कार्यप्रणाली पर संदेह जताया है।

# फोन में पहले से इंस्टॉल नहीं मिलेगा संचार साथी एप

## सरकार ने फैसला वापस लिया; विपक्ष ने कहा था- इससे जासूसी हो सकती है

एजेंसी


नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मोबाइल फोन पर संचार साथी एप के प्री-इंस्टॉलेशन (पहले से डाउनलोड) के फैसले को वापस ले लिया है। टेलिकॉम डिपार्टमेंट ने कहा कि संचार साथी एप की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए सरकार ने मोबाइल बनाने वाली कंपनी के लिए प्री-इंस्टॉलेशन की अनिवार्यता खत्म कर दी है।

टेलिकॉम डिपार्टमेंट ने बताया कि बुधवार दोपहर 12 बजे तक 1.40 करोड़ डाउनलोड हो चुके हैं। दो दिन में अपनी मर्जी से एप डाउनलोड करने वालों की संख्या में 10 गुना बढ़ोतरी हुई है।

उधर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि संचार साथी एप से जासूसी करना न तो संभव है, न ही जासूसी होगी।

सिंधिया ने एप को लेकर कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा के सवालों के जवाब पर कहा- फीडबैक पर मंत्रालय ने एप इंस्टॉल करने के आदेश में बदलाव किया है।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर बांग्लादेशी तस्कर गिरफ्तार, 3 करोड़ कीमत के 20 गोल्ड बिस्किट बरामद



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास बीएसएफ ने एक बांग्लादेशी तस्कर को करीब 3.05 करोड़ कीमत के गोल्ड बिस्किट के साथ गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि दो तस्करों की जानकारी मिली थी। दोनों भारत की ओर आते नजर आए थे। एक तस्कर पकड़ा गया और दूसरा भाग गया। उनके पास से 20 गोल्ड बिस्किट बरामद हुए हैं। इनका वजन 2.35 किलोग्राम है।

### विरोध प्रदर्शन




नई दिल्ली में शीतकालीन सत्र के दौरान संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अन्य लोगों के साथ।

**नया फैसला** — कुछ दिनों में सिस्टम देशभर में लागू होगा, काउंटर बुकिंग को सुरक्षित बनाने के लिए फैसला

# तत्काल विंडो टिकट के लिए अब ओटीपी जरूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे तत्काल टिकटों की काउंटर बुकिंग में बदलाव करने जा रही है। अब पैसेंजर्स को टिकट कन्फर्म करने के लिए मोबाइल पर ओटीपी वेरिफाई करना होगा। ये सिस्टम अगले कुछ दिनों में पूरे देश की सभी ट्रेनों पर लागू हो जाएगा।

साथ ही ट्रेन चार्ट तैयार करने का समय भी 4 घंटे से बढ़ाकर 8 घंटे पहले कर दिया जाएगा। इससे वेटिंग लिस्ट वाले पैसेंजर्स को प्लानिंग के लिए ज्यादा समय मिलेगा। पायलट प्रोजेक्ट 17 नवंबर को 52 ट्रेनों पर शुरू हुआ था, जो सफल रहा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चार्ट टाइमिंग के बदलाव को मंजूरी दी है। ये कदम तत्काल कोटा में गलत इस्तेमाल रोकने और ईमानदार पैसेंजर्स को आसानी देने के लिए उठाए गए हैं। पहले ही ऑनलाइन तत्काल बुकिंग में आधार वेरिफिकेशन और जनरल रिजर्वेशन में ओटीपी चालू हो चुका है।

### फर्जी बुकिंग रुकेगी और यात्रियों को फायदा मिलेगा

तत्काल टिकट हाई डिमांड वाले होते हैं, इस वजह से काउंटर पर लंबी लाइन लगती है। अब जब कोई पैसेंजर काउंटर पर टिकट बुक करेगा, तो उसके मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा। ओटीपी डालने के बाद ही टिकट कन्फर्म होगा। इससे फर्जी बुकिंग रुकेगी और असली यात्रियों को फायदा मिलेगा।




रेलवे के मुताबिक, ये सिस्टम पहले से ही जनरल बुकिंग के लिए सफलतापूर्वक चल रहा है। अक्टूबर 2025 से ये सुविधा शुरू हुई थी, जिसका रिस्पॉन्स अच्छा रहा। जुलाई 2025 में ऑनलाइन तत्काल के लिए आधार बेस्ड ऑथेंटिकेशन जोड़ा गया था, जो फ्रॉड को कम करने में मददगार साबित हुआ। अब काउंटर बुकिंग को भी इसी तरह सुरक्षित बनाया जा रहा है।

### नया सिस्टम कुछ दिनों में सभी ट्रेनों पर लागू होगा

17 नवंबर 2025 को शुरू हुए पायलट में 52 ट्रेनों पर ओटीपी सिस्टम टेस्ट किया गया। रिजल्ट पॉजिटिव आने के बाद रेलवे ने फैसला लिया कि अगले कुछ दिनों में बाकी सभी ट्रेनों पर इसे लागू कर दिया जाएगा। फेज में रोलआउट होगा, ताकि कोई दिक्कत न हो। साथ ही ट्रेन चार्ट तैयार करने का समय बढ़ाने का ऐलान भी हो गया है। अभी चार्ट डिपार्चर से 4 घंटे पहले बनता है, लेकिन अब 8 घंटे पहले तैयार होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की मंजूरी से ये बदलाव किया जा रहा है। पैसेंजर्स को वेट-लिस्ट स्टेटस जल्दी पता चलेगा, जिससे अल्टरनेटिव प्लान बनाने का टाइम मिलेगा। उदाहरण के लिए अगर आपकी टिकट कन्फर्म न हो, तो दूसरी ट्रेन या लोकल ट्रांसपोर्ट का इंतजाम पहले कर सकेंगे।

# प. बंगाल में 32000 टीचर्स की नौकरी नहीं जाएगी

## कोर्ट बोला- नौकरी छीनने से परिवार पर असर; कलकत्ता हाईकोर्ट ने 2023 का फैसला पलटा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 32000 प्राइमरी टीचर्स की नौकरी अब नहीं जाएगी। कलकत्ता हाई कोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने बुधवार को 2023 का फैसला पलट दिया।

जस्टिस तपब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस रीताब्रत कुमार मित्रा की बेंच ने कहा कि 9 साल बाद नौकरी खत्म करने का प्राइमरी टीचरों और उनके परिवारों पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा।

2023 में जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय की सिंगल बेंच ने 2016 में भर्ती हुए टीचरों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। इस भर्ती के खिलाफ कुछ कैंडिडेट ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

पिटीशनर्स का आरोप था कि प्राइमरी एजुकेशन बोर्ड ने सिलेक्शन प्रोसेस में गड़बड़ी की थी।

हालांकि डिवीजन बेंच ने कहा कि वह सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखने के पक्ष में नहीं है, क्योंकि सभी भर्तियों में अनियमितताएं साबित नहीं हुई हैं।

इन टीचरों की भर्ती 2016 में पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ प्राइमरी एजुकेशन ने 2014 के टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट पैनल के जरिए की थीं।

# संपादकीय

## संचार साथी : क्या नई डिजिटल जासूसी की शुरुआत?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

आज के डिजिटल युग में स्मार्टफोन हमारी जिंदगी का अभिन्न अंग बन चुका है। लेकिन इसी के साथ साइबर अपराधों का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे में भारत सरकार ने एक नया कदम उठाया है— 'संचार साथी' ऐप को हर नए मोबाइल फोन में प्री-इंस्टॉल करने का आदेश। दूरसंचार विभाग ने 28 नवंबर 2025 को जारी अधिसूचना में साफ कहा कि मार्च 2026 से सभी नए फोन इस ऐप के साथ आएंगे। पुराने फोनों में सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए इसे डाला जाएगा। सरकार का दावा है कि यह ऐप साइबर फ्रॉड, फोन चोरी और IMEI धोखाधड़ी से बचाव का हथियार है। लेकिन विपक्ष और प्राइवेसी एक्टिविस्ट इसे 'डिजिटल जासूसी' का नया रूप बता रहे हैं। क्या यह वाकई सुरक्षा का कवच है या निगरानी का नया द्वार? आइए, इसकी पड़ताल करें।

सबसे पहले समझें, संचार साथी क्या है? यह DoT की नागरिक-केंद्रित पहल है, जो मई 2023 में वेब पोर्टल के रूप में शुरू हुई थी। जनवरी 2025 में इसे मोबाइल ऐप के रूप में लॉन्च किया गया। ऐप एंड्रॉयड और iOS दोनों पर उपलब्ध है और मुफ्त है। इसका मुख्य काम CEIR (Central Equipment Identity Register) सिस्टम से जुड़कर फोन की प्रामाणिकता जांचना है। IMEI (International Mobile Equipment Identity) एक 15-अंकीय कोड है, जो हर फोन का यूनिक आईडेंटिफायर होता है। ऐप यूजर को अपना मोबाइल नंबर डालकर OTP वेरिफाई करने को कहता है, फिर IMEI चेक करता है कि फोन चोरी या ब्लैकलिस्टेड तो नहीं। इसके अलावा, यह फीचर्स जैसे TAFCOP (Telecom Analytics for Fraud Management and Consumer Protection) से फर्जी कनेक्शन पकड़ता है। 'चक्षु' मॉड्यूल से स्कैम कॉल, स्कैम या व्हाट्सएप मैसेज रिपोर्ट किए जा सकते हैं। 'कीप योरसेल्फ अवेयर' से साइबर सिक्योरिटी टिप्स मिलते हैं।

सरकार के आंकड़े प्रभावशाली हैं। ऐप को 5 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। 37 लाख से अधिक चोरी फोन ब्लॉक हुए, 22 लाख से ज्यादा रिकवर हुए। 3 करोड़ फर्जी कनेक्शन कटे। रोजाना 2000 साइबर फ्रॉड केस आते हैं, और यह ऐप उन्हें रोकने में मददगार साबित हो रहा। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में कहा, यह जासूसी का माध्यम नहीं, बल्कि नागरिक सशक्तिकरण का टूल है। बिना रजिस्ट्रेशन यह सक्रिय नहीं होता, और यूजर इसे डिलीट कर सकता है। 3 दिसंबर को सरकार ने प्री-इंस्टॉलेशन मैंडेट वापस ले लिया, लेकिन विवाद बरकरार है।

फिर भी, सवाल उठते हैं। क्यों? क्योंकि ऐप कई संवेदनशील परमिशन मांगता है – SMS पढ़ना, कॉल लॉग एक्सेस, कैमरा, स्टोरेज, लोकेशन। प्राइवेसी पॉलिसी कहती है कि ये 'सेलेक्ट यूज' के लिए हैं, लेकिन एक्सपर्ट्स चिंतित हैं। इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन के मुताबिक, यह फंक्शन क्रिप की संभावना खोलता है। आज IMEI चेक, कल VPN मॉनिटरिंग या SMS ट्रॉलिंग। विपक्षी नेता प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया, यह स्नूपिंग ऐप है। फ्रॉड रिपोर्टिंग और फोन निगरानी में पतली रेखा है। कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल ने इसे 'मोदी सरकार का निजता उल्लंघन' कहा। आप के मनीष सिसोदिया ने 'मॉडर्न पेगासस' करार दिया। न्यूयॉर्क टाइम्स और बीबीसी जैसी मीडिया ने इसे 'मास सर्विलांस टूल' बताया। द हिंदू के अनुसार, यह राज्य की डिवाइस में घुसपैठ है, जो लोकेशन, IMEI और नेटवर्क मेटाडेटा से ट्रैकिंग आसान बनाती है।

दुनिया में ऐसे उदाहरण कम नहीं। चीन का WeChat सर्विलांस का प्रतीक है। अमेरिका का PRISM प्रोग्राम डेटा कलेक्शन पर सवाल उठा चुका। भारत में पहले पेगासस स्पाईवेयर कांड ने भरोसा तोड़ा। संचार साथी का मैंडेट वापस लेना सकारात्मक है, लेकिन विशेषज्ञ कहते हैं कि प्री-इंस्टॉलेशन भी जोखिम पैदा करता। अगर ऐप सर्वर-साइड अपडेट से बदला जाए, तो प्राइवेसी खतरे में। सुप्रीम कोर्ट ने पुरीथा प्रसाद बनाम भारत संघ मामले में प्राइवेसी को मौलिक अधिकार माना। लेकिन यहां बैलेंस कहां?

निष्कर्षत:, संचार साथी साइबर सिक्योरिटी के लिए उपयोगी लगता है, लेकिन बिना मजबूत सेफगार्ड के यह जासूसी का खतरा बन सकता है। सरकार को पारदर्शिता बढ़ानी चाहिए – डेटा स्टोरेज, एक्सेस लॉग और इंडिपेंडेंट ऑडिट। यूजर्स को जागरूक रहना होगा। क्या यह नई शुरुआत है या पुरानी चिंताओं का दोहराव? समय बताएगा। फिलहाल, डाउनलोड करने से पहले परमिशन चेक करें। डिजिटल भारत सुरक्षित हो, लेकिन स्वतंत्र भी।

## डिजिटल अरेस्ट

यह विडंबना है कि जब तक देश में कथित डिजिटल अरेस्ट के नाम पर अनुमानित तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक ठगी की जा चुकी है, कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं, अपराधियों पर शिकंजा कसने की बड़ी मुहिम शुरू हो पा रही है। वह भी सरकार के बजाय शीर्ष अदालत की पहल पर। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट पर गंभीर चिंता जताते हुए सीबीआई को निर्देश दिए हैं कि वह अन्य साइबर अपराधों की जांच बाद में करे, डिजिटल अरेस्ट की जांच को अपनी प्राथमिकता बनाए। कोर्ट ने केंद्रीय बैंक से पूछा है कि क्या एआई की मदद से साइबर ठगों के खाते फ्रीज हो सकते हैं? कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि यदि किसी गंभीर डिजिटल अपराध का दायरा भारत से बाहर की सीमा में हो तो वह इंटरपोल की मदद ले सकती है। दुखद है कि साइबर अरेस्ट के मामलों में सबसे अधिक निशाना बुजुर्गों को ही बनाया जाता है, जिन्हें डिजिटल लेन-देन की गंभीर जानकारी नहीं होती। बुजुर्गों को निशाना बनाने का यह प्रतिशत 78 से 82 फीसदी बताया जाता है। कई जगह यह प्रतिशत 99 फीसदी तक है। वहीं जनवरी से अप्रैल 2024 में साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के 46 फीसदी मामलों के तार म्यांमार, कंबोडिया और लाओस जैसे दक्षिण पूर्व एशिया के देशों से जुड़े रहे हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में डिजिटल गिरफ्तारी साइबर अपराध के सबसे कुटिल रूप में बनकर उभरी है। यह अपराध न केवल देश की वित्तीय सुरक्षा और स्थिरता के लिये, बल्कि कानून प्रवर्तन तंत्र में जनता के विश्वास के लिये भी बड़ा खतरा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि इन घोटालों की देशव्यापी जांच सीबीआई को सौंपने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय समय के अनुरूप सार्थक हस्तक्षेप है। इसी क्रम में कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में अपराधों की जांच के लिये सीबीआई को सहमति दें।

दरअसल, न्यायालय ने इस हकीकत को स्वीकार किया है कि साइबर अपराधी राज्यों की सीमाओं का लाभ उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर टुकड़ों-टुकड़ों में जांच सीमा-पार के साइबर अपराधियों के नेटवर्क को बढ़ावा देती है। दरअसल, साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट के जरिये भोले-भाले लोगों व बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। वे कानून प्रवर्तन अधिकारी या जज बनकर मोटी रकम देने के लिये उन्हें आतंकित करते हैं। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के एक बुजुर्ग दंपति से एक करोड़ रुपये की ठगी के बाद अदालत ने इस व्यापक समस्या का स्वत:संज्ञान लिया। उन्हें धमकाने के लिये सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेशों का इस्तेमाल किया गया। यह बेहद परेशान करने वाली स्थिति है कि साइबर अपराधी सार्वजनिक संस्थाओं के प्रति लोगों के विश्वास को खतरे में डाल रहे हैं। तभी शीर्ष अदालत ने महसूस किया कि अब पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगा है, देश की केंद्रीय एजेंसी को इस मामले की तह तक तुरंत पहुंचना चाहिए। उल्लेखनीय है कि सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों में एफआईआर दर्ज करने और धोखाधड़ी से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज करने की पूरी छूट दी गई है। साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत बैंक अधिकारियों की कथित मिलीभगत की जांच का अधिकार भी दिया गया। इसके अलावा दूरसंचार विभाग को भी सिम कार्ड के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिये कहा गया है।

# दिव्यांग लोगों के बारे में बढ़ानी होगी जागरूकता

रमेश सर्राफ धमोरा



सरकार द्वारा देश में दिव्यांगो के लिए कई नीतियां बनायी गयी है। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगो के लिए सरकार ने पेशन की योजना भी चला रखी है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं उन दिव्यांगो के लिए महज एक मजाक बनकर रह गयी हैं।

समाज में दिव्यांगता को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। जिसे सुधारने की आवश्यकता है। विश्व विकलांग दिवस पर इस वर्ष का विषय है सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए विकलांगता समावेशी समाजों को बढ़ावा देना। विकलांग व्यक्तियों को अपने भाग्य को आकार देने और समाज में योगदान देने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के महत्व को रेखांकित करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1992 में हर वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की गयी।

सरकार द्वारा देश में दिव्यांगो के लिए कई नीतियां बनायी गयी है। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगो के लिए सरकार ने पेशन की योजना भी चला रखी है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं उन दिव्यांगो के लिए महज एक मजाक बनकर रह गयी हैं। जब इनके पास इन सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ही नहीं है। इसको मानाने का उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता ही नहीं होता है कि हमारे आस-पास कितने दिव्यांग रहतें हैं। उन्हे समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं। किसी को इस बात की कोई फिकर नहीं हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक 'दिव्य क्षमता' है और उनके लिए 'विकलांग' शब्द की जगह दिव्यांगशब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के लोगों ने विकलांगो को दिव्यांग तो कहना शुरू कर दिया लेकिन लोगों का उनके प्रति नजरिया आज भी नहीं बदल पाया है। आज भी समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगों को दयनीय दृष्टि से ही देखा जाता है। भले ही देश में अनेको दिव्यांगों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हो मगर लोगों का उनके प्रति वहीं पुराना नजरिया बरकरार है।

दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण मिलेंगे जो बताते है कि सही राह मिल जाये तो अभाव एक विशेषता बनकर सबको चमत्कृत कर देती है। भारत में दिव्यांगो की मदद के लिए बहुत सी सरकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। लेकिन इतने वर्षो बाद भी देश में आज तक आधे दिव्यांगो को ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुहैया कराया जा सका है। ऐसे में दिव्यांगो के लिए सरकारी सुविधाएं हासिल करना महज मजाक बनकर रह गया हैं। दुनिया में बहुत से ऐसे दिव्यांग हुए हैं जिन्होंने अपने साहस संकल्प और उत्साह से विश्व के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अपना नाम लिखवाया है। शक्तिशाली शासक तैमूर लंग हाथ और पैर से शक्तिहीन था। मेवाड़ के राणा सांगा तो बचपन में ही एक आंख गवाने तथा युद्ध में एक हाथ एक पैर तथा 80 घावों के बावजूद कई युद्धों में विजेता रहे थे। सिख राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह की एक आंख बचपन से ही खराब थी। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुधा चंद्रन के दाई टांग नहीं थी। फिल्मी गीतकार कृष्ण चंद्र डे तथा संगीतकार रविंद्र जैन देख नहीं सकते थे। पूर्व क्रिकेटर अंजन भट्टाचार्य मूकबधिर थे। वर्ल्ड पैरा चैम्पियनशिप खेलों में झुंझुनू जिले के दिव्यांग खिलाड़ी संदीप कुमार व जयपुर के सुन्दर गुर्जर ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर भारत का मान बढ़ाया है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के पांचवें दौर का पहला चरण 2019-20 में आयोजित किया गया था। एनएफएचएस जनसंख्या, परिवार नियोजन, बाल और मातृ स्वास्थ्य, पोषण, वयस्क स्वास्थ्य और घरेलू हिंसा से संबंधित प्रमुख संकेतकों पर अनुमान प्रदान करता है। एनएफएचएस-5 सर्वेक्षण से एकत्र किए गए द्वितीयक डेटा के भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद प्रकाशन के विश्लेषण के अनुसार भारत में विकलांग लोगों की कुल व्यापकता जनसंख्या का 4.52 प्रतिशत है। भारत विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन का एक पक्ष है। यह डेटा दर्शाता है कि भारत में लगभग 6 करोड़ 32 लाख 80 हजार लोग किसी न किसी प्रकार की विकलांगता के साथ जीवन यापन करते हैं। लोकोमोटर (गतिशील) विकलांगता सभी विकलांगताओं में सबसे आम है, इसके बाद मानसिक और वाक् (बोलने से संबंधित) विकलांगताएँ हैं।

यह एक कड़वी सच्चाई है कि भारत में दिव्यांग आज भी अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर आश्रित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के अनुसार विश्व स्तर पर 15 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की विकलांगता के साथ रहती है। जबकि उसमें से 80 प्रतिशत से अधिक लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। जबकि भारत में 140 करोड़ से अधिक लोग है। इस आबादी का 2.2 प्रतिशत से अधिक लोग किसी न किसी रूप में गंभीर मानसिक या शारीरिक विकलांगता से पीड़ित हैं। आज के प्रगतिशील युग में जहाँ सभी लोगों के एकीकरण और समावेशन पर सतत विकास के प्रवेश द्वार के रूप में जोर दिया जाता है। भारत में विकलांग लोगों को वर्गीकृत करने वाले मानदंडों की सूची को 2016 में नया रूप दिया गया था। 2016 के आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम पर आधारित संशोधित परिभाषा में एसिड हमलों से संबंधित शारीरिक विकृति और चोटों को विकलांगता के रूप में मान्यता देना भी शामिल है। जो इन पीड़ितों को विभिन्न प्रकार की सरकारी सहायता और समर्थन का हकदार बनाता है।

भारत में आज भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र हासिल करना किसी चुनौती से कम नहीं है। सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों के कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी लोगों को मायूस होना पड़ता है। हालांकि सरकारी दावे कहते हैं कि इस प्रक्रिया को काफी सरल बनाया गया है, लेकिन हकीकत इससे काफी दूर नजर आती है। दिव्यांगता का प्रमाणपत्र जारी करने के सरकार ने जो मापदण्ड बनाये हैं। अधिकांश सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक उनके अनुसार दिव्यांगो को दिव्यांग होने का प्रमाण पत्र जारी ही नहीं करते है। जिसके चलते दिव्यांग व्यक्ति सरकारी सुविधायें पाने से वचिंत रह जाते हैं।


देश में दिव्यांगो को दी जाने वाली सुविधाएं कागजों तक सिमटी हुई हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां दिव्यांगो को एक चौथाई सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। केन्द्र सरकार ने देशभर के दिव्यांग युवाओं को केन्द्र सरकार में सीधी भर्ती वाली सेवाओं के मामले में दृष्टि बाधित, बधिर और चलने-फिरने में दिव्यांगता या सेरेब्रल पल्सी के शिकार लोगों को उम्र में 10 साल की छूट देकर एक सकारात्मक कदम उठाया है। दिव्यांगता शारीरिक अथवा मानसिक हो सकती है किन्तु सबसे बड़ी दिव्यांगता हमारे समाज की उस सोच में है जो दिव्यांग जनों से हीन भाव रखती है। जिसके कारण एक असक्षम व्यक्ति असहज महसूस करता है।

अब दिव्यांग लोगों के प्रति अपनी सोच को बदलने का समय आ गया है। दिव्यांगो को समाज की मुख्यधारा में तभी शामिल किया जा सकता है जब समाज इन्हें अपना हिस्सा समझे। इसके लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है। हाल के वर्षों में दिव्यांगो के प्रति सरकार की कोशिशों में तेजी आयी है। दिव्यांगो को कुछ न्यूनतम सुविधाएं देने के लिए प्रयास हो रहे हैं।

हालांकि योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सरकार पर सवाल उठते रहे हैं। पिछले दिनों क्रियान्वयन की सुस्त चाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फटकार भी लगायी थी। दिव्यांगो को शिक्षा से जोडना बहुत जरूरी है। मूक-बधिरों के लिए विशेष स्कूलों का अभाव है। जिसकी वजह से अधिकांश विकलांग ठीक से पढ़-लिखकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं बन पाते हैं।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3729




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3728 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

रमन (नरेश से)– तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी? खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)– दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

□ □ □

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)– मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।

चमन– क्या वह मर गई?

रमन– नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन– अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

□ □ □

रमन (मित्र से)– 'यार तेरा हाथ कैसे फ्रैक्चर हो गया?'

चमन– 'कल मैं तेज मोटरसाइकल चलाकर घर आ रहा था, तभी सामने से एक ट्रक आ गया। मैंने ब्रेक मारा और...।'

रमन– 'उसने तुझे टक्कर मार दी।'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3729



**बायें से दायें:-**

१. 'तू मिले दिल खिले और' गीत वाली नागार्जुन, रमैया, मनीषा की फिल्म-४
३. राजकपूर, माला की 'आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें' गीत वाली फिल्म-५
६. 'केसरिया बालम' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-२
७. शाहरूख, माधुरी की 'अठरा बरस की कँवारी कली थी' गीत वाली फिल्म-३
९. 'वो चाँद जैसी' गीत वाली शाहरूख खान, माधुरी, ऐश्वर्या की फिल्म-४
११. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
१२. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
१४. संजय दत्त, फरहा की 'मेरा प्यार तेरे जीवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१५. विनोद मेहरा, बिंदिया की फिल्म-३
१७. हिमालय, भाग्यश्री की 'तेरा ही प्यार मेरे इस दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'कभी कभी' में ऋषि की नायिका कौन थी-३
२०. अनिल, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की 'इश्क बिना क्या' गीतवाली फिल्म-२
२२. दिलीप कुमार, रेखा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-२
२४. अमिताभ, रेखा की 'कोई गाता मैं सो जात' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'बागां मां जब मोर बोले' गीत वाली अक्षयकुमार, करीना की फिल्म-३
२७. विनोद खन्ना, हेमा की अरूणा राजे द्वारा निर्मित एवं निर्देशित फिल्म-३
२८. 'क्यूं मेरा दिल तुझको' गीत वाली करण नाथ, मनीषा की फिल्म-२
२९. नसीर, ओमपुरी, स्मिता की 'शमशीर बजे ना' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'बंधन' में सलमान का नाम ?-२
३१. फिल्म 'काफी हाउस' में शम्मी कपूर की नायिका ?-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल ना दिया' गीत वाली फिल्म-२
२. विनोद खन्ना, बिंदू की फिल्म-३
३. 'दो दिल मिल रहे' गीत वाली फिल्म-४
४. विनोद मेहरा, रीना राय की फिल्म-४
५. 'आप से प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं' गीत वाली अब्बास, शर्वाणी मुखर्जी की फिल्म-२
८. देव आनंद, आशा पारेख की 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'बड़ी दूर से आये हैं प्यार' गीत वाली अनिल धवन, योगिता की फिल्म-४
११. देव आनंद, मधुबाला की 'उन के खयाल आए तो' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'जब लिया हाथ में हाथ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, गीताबाली की फिल्म-३
१५. जयराज, निरूपा की 'ना किसी की आँख का नूर हूँ' गीत वाली फिल्म-२,२
१६. फिल्म 'शिवा' में नागार्जुन के साथ नायिका कौन थी-३
१९. 'लेके पहला पहला प्यार गीत वाली फिल्म-१,२,१
२१. मिथुन, आदित्य, डिम्पल, मंदाकिनी की फिल्म-३
२३. अनिल धवन, रश्मि वर्मा, सोनिका गिल की एक सस्पेंस फिल्म-२
२५. 'पियू बोले जिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. बिस्वजीत, माला की 'अजी हो ताश के बावन पत्ते' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'चालबाज' में श्रीदेवी के एक किरदार का नाम अंजू था दूसरे किरदार का नाम ?-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3728



## सूडोकु -3729

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3728 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 3729



**बाएँ से दाएँ**

1.धरोहर,थाती-4
5.अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8.गुणगान-3
9.प्रेम (अंग्रेजी-2)
11.भरोसा,विश्वास-3
12.दुःख,परेशानी,कष्ट-4
14.हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15.गागर,घड़ा-3
17.जांघ-2
19.असावधान-5
22.करतूत,होशियारी-5
25.डूबा हुआ,समाप्त-2
26.तीक्ष्ण,तेज-3
27.अधर्म,अपकृत्य-2
28.मनमौजी,चंचल-4
30.हत्या,वध-3
31.पंख-2
33.मायका-3
35.व्यापार,व्यवसाय (उर्दू-4)
36.कृपा,रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2.फूलों का हार-2
3.वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4.शांति,सुख-चैन-3,2
5.अस्वस्थ,मरीज-3
6.दम,ताकत-2
7.भगवान राम के पुत्र-2,2
10.उन्मत,मदमस्त-4
13.दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16.बोलने का तरीका-3
17.रास्ता-2
18.पराया-2
20.परीक्षा-3
21.वचन-2
22.खेती-2
23.अभिमान-3
24.फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25.बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26.ईश्वर,राजा-4
28.मन को अच्छा लगने वाला-4
29.शाप से पीड़ित-3
32.अवकाश,मंजूरी-2
34.संध्या-2


शब्द पहेली -3728 का हल



# नोएडा में डियर पार्क के लिए टेंडर जारी होगा

## 10 प्रजातियों के 132 हिरण को लाया जाएगा, डिजाइन तैयार; 40 करोड़ होगा खर्च

**नोएडा।** नोएडा में जंगल ट्रेल के बाद अब डियर पार्क का निर्माण जल्द शुरू होगा। इसके लिए आगामी 15 दिनों में टेंडर जारी किया जाएगा। फाइनल अप्रूवल सीईओ देंगे। इसके बाद टेंडर जारी कर लो कास्ट कंपनी का चयन किया जाएगा। पार्क का डिजाइन तैयार किया जा चुका है। इसमें हिरण के लिए बाड़ा, वाटर बॉडी, फेंसिंग, लाइटिंग, ग्रीन एरिया आदि को तय करते हुए बनाया गया है।



बता दे 1 दिसंबर को नोएडा में जंगल ट्रेल का शुभारंभ किया गया। यहां लोहे के कबाड़ से बनाए गए जंगली जानवरों को रखा गया है। लोग यहां पहुंच रहे है और मनोरंजन कर रहे है। ऐसे में अब बायोडायवर्सिटी पार्क में डियर पार्क बनाने की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। टेंडर जारी होने और काम अवार्ड होने के एक साल के अंदर पार्क का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

यहां एयरपोर्ट से रेस्क्यू किए जाने वाले हिरण को भी रखा जाएगा। हालांकि उनके लिए धनौरी वेटलैंड के पास से रेस्क्यू सेंटर भी बनाया जा रहा है। वहां से कुछ हिरण को यहां भी लाया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के अन्य चिड़ियाघरों से भी हिरण को यहां लाया जाएगा।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि करीब 30 एकड़ में मिनी जू की तर्ज पर इस डियर पार्क को बनाने में करीब 40 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

यह जिले की पहली सनसेट सफरी होगी। इसमें रात करीब 10 बजे तक लोग स्पेक्ट्रम लाइट की रोशनी में हिरण व जलीय पक्षियों को देख सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्पेक्ट्रम लाइट में वहां पर मौजूद जानवरों को अंधेरा ही लगेगा। वहीं जो लोग सनसेट सफरी में पहुंचेंगे उनको स्पष्ट दिखाई देगा।

### अफ्रीका और प्रदेश के चिड़ियाघर से आएंगे हिरण

नोएडा में 10 प्रजातियों के 132 हिरण को लाया जाएगा। इसमें तीन प्रजाति अफ्रीका से एक्सपोर्ट की जाएंगी। इसके अलावा कानपुर, हैदराबाद और लखनऊ के चिड़ियाघर से यहां हिरण लाए जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा, गाजियाबाद और आसपास में ऐसा डियर पार्क नहीं है।

इसलिए यहां डियर पार्क बनाया जा रहा है। इसके लिए नियुक्त किए गए सलाहकारों से बातचीत की जा रही है। ताकि विदेश से लाए जाने वाले हिरण के लिए यहां का पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके।

# नोएडा में मीटर लगवाने के नाम पर ठगे 3.74 लाख

**प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड करवाया, इसके बाद 13 रुपए कराए ट्रांसफर**

**नोएडा।** नोएडा में बिजली का मीटर लगाने के नाम एक व्यक्ति से 3.74 लाख का फ्राड किया गया। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत दी है।

पैसा ऑनलाइन ट्रांसफर और शापिंग की गई। साइबर सेल मामले की जांच कर रहा है।

### फोन पर विश्वास में लिया

ब्रिजेश कुमार तिवारी ने शिकायत में बताया कि उन्होंने एनपीसीएल में नए मीटर लगाने के लिए उन्होंने प्रार्थना पत्र दिया है।

25 नवंबर को उनके मोबाइल पर एक फोन आया और उसने अपने को एनपीसीएल का बताते हुए मीटर लगवाने की बात कही। मैने पहले एप्लिकेशन दी थी। इसलिए मुझे विश्वास हो गया कि वहीं से फोन हो सकता है।

### ऐप डाउनलोड करवाकर 13 रुपए कराए ट्रांसफर

ठग ने प्ले स्टोर से एक ऐप डाउनलोड करवाया। जिसके बाद उसने 13 रुपए का भुगतान करने के लिए कहा गया।

मैने कार्ड डिटेल डाली और भुगतान कर दिया। 27 नवंबर को किसी काम से बाहर चला गया। 28 नवंबर को मेरी पत्नी और मेरे खाते से पैसे कटने के मैसेज आने लगे। जब तक कार्ड ब्लाक करवाता तब 3 लाख 74 हजार 831 रुपए का ट्रांजैक्शन हो चुका था।

पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। साइबर सेल ट्रांजैक्शन डिटेल खंगाल रहा है।

# शार्ट न्यूज

## दो बाइक की भिड़ंत: एक युवक की मौत



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-वन कोतवाली क्षेत्र में दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। मृतक कमल सिंह की पत्नी सुनीता ने बुधवार को अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में सुनीता ने बताया कि वह मूलरूप से संभल की रहने वाली हैं। सोमवार देर रात उनके पति कमल सिंह किसी जरूरी काम से ग्रेटर नोएडा आए थे। वापस लौटते समय भाटी गोल चक्कर के पास एक अन्य बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कमल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ईकोटेक-वन कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

## ग्रेटर नोएडा में मजदूर को गोली मारी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे के पास एक विवादित प्लॉट पर बुधवार को काम कर रहे मजदूर को स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने गोली मार दी। नवादा गांव निवासी अमित गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका इलाज जारी है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कोई केस दर्ज नहीं हुआ था। घटना के समय प्लॉट मालिक राकेश नागर निवासी ननुआ का राजपुर का निर्माण कार्य चल रहा था। घायल अमित अपने साथियों के साथ वहां काम कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चार से पांच हथियारबंद बदमाश एक स्कॉर्पियो से आए और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोली अमित के पैरों में लगी, जिसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक, संबंधित प्लॉट पर पहले से ही विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि प्लॉट के मालिक का अन्य व्यक्ति से जमीन को लेकर विवाद था। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस विभिन्न बिंदुओं से मामले की जांच कर रही है।

## डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के पास उद्योग लगा सकेंगे

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के पास उद्योग लगाए जा सकेंगे। इसके लिए इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में पांच दिसंबर को औद्योगिक भूखंडों की योजना निकाली जाएगी। इनमें 3.4 एकड़ से 15.72 एकड़ तक के भूखंड हैं। डीएफसी प्रोजेक्ट के तहत शहर में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित की जा रही है। हायर कंपनी की इकाई भी इसी टाउनशिप में है। इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड ने टाउनशिप में पांच दिसंबर को भूखंडों की योजना शुरू करने की तैयारी में है। यह टाउनशिप डीएफसी कॉरिडोर के पास है। इसी के पास डीएफसी का ईस्टर्न और वेस्टर्न कॉरिडोर मिलता है।इस योजना में पांच दिसंबर से आवेदन शुरू होंगे। चार जनवरी आवेदन की अंतिम तिथि होगी। यहां प्लग एंड प्ले की सुविधा मिलेगी यानी इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से तैयार है। आवंटियों को बिजली, पानी, गैस के कनेक्शन आदि मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना नहीं होगा। उद्यमी अपनी यूनिट बनाकर उत्पादन शुरू कर सकता है।

## जिले में 70 प्रतिशत मतदाताओं ने फॉर्म जमा किए

**ग्रेटर नोएडा।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत अबतक 70 प्रतिशत अपने फॉर्म जमा करा चुके हैं, वहीं मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने फॉर्म जमा करने की तिथि बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी है, जो अभी तक चार दिसंबर थी। जिले में चार नवंबर से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान जारी है। बीएलओ घर घर जाकर फॉर्म बाट रहे हैं, साथ ही विशेष शिविर आयोजित कर मतदाताओं को सूची में नाम शामिल कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। अभी तक लोगों में भ्रम था कि चार दिसंबर के बाद उनके फॉर्म जमा नहीं हो सकेंगे, जिला प्रशासन ने उनके भ्रम को तोड़ते हुए फॉर्म जमा कराने की तिथि बढ़ा कर 11 दिसंबर कर दी है।प्रशासन का दावा है कि 95 प्रतिशत मतदाताओं को फॉर्म बांटे जा चुके हैं, लेकिन लोग कामकाज के चलते फॉर्म जमा कराने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। बीएलओ उनके आवास पर जाते हैं तो ताला लगा मिल रहा है, जिससे उनकी चुनौती बढ़ गई है। बीते दिनों जिलेभर में 500 से अधिक शिविर आयोजित किए गए थे, जहां अधिकांश शिविरों में सन्नाटा पसरा रहा।

## फोनरवा चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी

**नोएडा।** फोनरवा चुनाव की मतदाता सूची का बुधवार को अंतिम प्रकाशन हो गया। चुनाव अधिकारियों ने 214 मतदाताओं की सूची जारी कर दी है। यह मतदाता ही फोनरवा के पदाधिकारियों का चयन करेंगे। वहीं गुरुवार को ही फोनरवा चुनाव के लिए नामांकन पत्र खरीदे जाएंगे। इसके साथ ही यह भी साफ हो जाएगा कि विपक्ष में कोई नामांकन पत्र खरीद रहा है या नहीं। चुनाव अधिकारी सेवानिवृत कर्नल शशि वैद्य ने बताया कि चार दिसंबर से नामांकन पत्रों का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। फिर पांच से लेकर छह दिसंबर की शाम पांच बजे तक नामांकन फार्म जमा किए जा सकेंगे।7 दिसंबर को प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। इसके बाद 8 दिसंबर को नामांकान पत्रों की जांच करके सूचना जारी की जाएगी। इसके अगले दिन 9 दिसंबर को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद 10 दिसंबर को प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। 14 दिसंबर की सुबह दस बजे से दो बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतों की गिनती करके विजेताओं की घोषणा की जाएगी। हालांकि, इस बार फोनरवा के चुनाव में सरगर्मी नजर नहीं आ रही है।

# शराब-खर्च विवाद में दोस्त की ईंट से कूंचकर हत्या

**नोएडा पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट किया, किराए के कमरे में एक साथ रहते थे**



**गौतम बुद्ध नगर।** सेंट्रल नोएडा की थाना इकोटेक-3 पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्या के मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी सौरभ को स्पार्क मिंडा कंपनी के गेट के पास से पकड़ा। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ईंट भी बरामद कर ली गई है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी सौरभ ने बताया कि वह अपने बचपन के दोस्त और पड़ोसी विक्रम के साथ ग्राम हबीबपुर में एक किराए के कमरे में रहता था। बीते 1 दिसंबर की रात दोनों के बीच शराब पीने और रोजमर्रा के खर्च को लेकर विवाद हो गया।

शराब के नशे में धुत सौरभ गुस्से में आ गया और उसने कमरे में रखी एक ईंट उठाकर दोस्त विक्रम के सिर पर जोरदार वार कर दिया। इस हमले से विक्रम की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक विक्रम के भाई की तहरीर के आधार पर थाना इकोटेक-3 में मुकदमा दर्ज किया गया था। लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना की मदद से पुलिस ने हत्यारोपी सौरभ को गिरफ्तार किया। सौरभ मूल रूप से अलीगढ़ के जिरोली हीरा सिंह का निवासी है और वर्तमान में ग्राम हबीबपुर, गौतमबुद्धनगर में रहता था।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल की गई ईंट को बरामद कर लिया है। सौरभ को जेल भेज दिया गया है।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में 500 इलेक्ट्रिक बस योजना अटकी

## शासन से करेंगी आग्रह, फेज वाइज ऑन डिमांड चलाए बस; वित्तीय भार भी होगा कम

**नोएडा।** नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में 500 इलेक्ट्रिक बसें उतारने की महत्वाकांक्षी योजना फिलहाल अटक गई है। करीब 675 करोड़ रुपए की इस परियोजना पर तीनों विकास प्राधिकरण (नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा) ने साफ कहा है कि एक साथ इतनी बसों को सड़कों पर उतारना फिलहाल संभव नहीं है।




पहले फेज में 250 बसें उतारकर रिस्पांस चेक करना बेहतर विकल्प होगा। इससे तीनों प्राधिकरणों पर वायबिलिटी गैप फंडिंग का बोझ भी कम होगा और बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा सकेगा।

### नोएडा में चलेंगी 100 बसें

अधिकारियों के अनुसार, नोएडा में 300 और ग्रेटर नोएडा व यीडा में 100-100 बसें संचालित की जानी हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी बस डिपो, चार्जिंग स्टेशन, रूट प्लानिंग और संचालन के लिए एसपीवी का गठन अभी तक नहीं हो पाया है।

प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा- इतनी बड़ी संख्या में बसों का एक साथ संचालन मौजूदा परिस्थितियों में अव्यवहारिक है। इसलिए सरकार से आग्रह किया है कि परियोजना को फेज में और वास्तविक मांग के अनुसार लागू किया जाए।

करीब 6 महीने पहले ट्रैवल टाइम मोबिलिटी इंडिया और डेलबस मोबिलिटी को 12 साल के ग्रॉस कॉस्ट मॉडल पर बसें सप्लाई, ऑपरेट और मेंटेन करने के लिए चयनित किया जा चुका है। लेकिन जीबीएन ग्रीन ट्रांसपोर्ट लिमिटेड नाम की जिस संयुक्त एसपीवी के जरिए सेवा चलाई जानी है, वह अब तक गठित नहीं हो सकी है। एसपीवी न बनने के कारण कंपनी के साथ अंतिम समझौता भी लंबित है।

### रिपोर्ट भेजने की तैयारी में प्राधिकरण

अधिकारियों ने बताया कि अब राज्य सरकार को यह निर्णय लेना होगा कि मौजूदा टेंडर में बदलाव कर कम बसों से शुरुआत की जाए या फिर नया टेंडर जारी किया जाए। तीनों प्राधिकरण अपनी-अपनी मांग और क्षमता का आकलन कर सरकार को रिपोर्ट भेजने की तैयारी में हैं। रिपोर्ट जाने के बाद शासन ही फैसला लेगा। बता दे ये बस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भी कनेक्ट करती।

### बड़े राजस्व को होगा नुकसान

500 बसों के मॉडल पर सालाना 225 करोड़ रुपए वीजीएफ की जरूरत होगी, जिसमें अकेले नोएडा प्राधिकरण को 107 करोड़ रुपए से अधिक वहन करने होंगे।

अधिकारियों का कहना है कि बिना मांग और सिस्टम तैयार हुए इतनी बड़ी वित्तीय जिम्मेदारी लेना जोखिम भरा होगा।

इस तरह, पूरी परियोजना का भविष्य अब राज्य सरकार के फैसले पर टिका है कि वह इसे चरणबद्ध रूप में आगे बढ़ाएगी या पूरे मॉडल को फिर से डिजाइन किया जाएगा।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर में लगेगा समय

इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिति भी दुरुस्त नहीं है। नोएडा के सेक्टर 82 और 91 में प्रस्तावित टर्मिनल में चार्जिंग पॉइंट लगाने की जरूरत है।

जबकि ग्रेटर नोएडा और यीडा के पास फिलहाल कोई डिपो ही नहीं है। बॉटनिकल गार्डन इंटरचेंज पर भी अतिरिक्त चार्जिंग और ऑपरेशनल सुविधाओं की आवश्यकता है।

# 15 हजारी इनामी गांजा तस्कर 'टॉमी' गिरफ्तार

## एनसीआर में बड़े गांजा तस्करी नेटवर्क से जुड़ा था आरोपी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने एनसीआर में गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क से जुड़े 15,000 रुपये के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है।



यह गिरफ्तारी अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान के तहत थाना इकोटेक-3 पुलिस द्वारा की गई।

थाना इकोटेक-3 पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और गोपनीय सूचना के आधार पर वांछित आरोपी अरविंद किशोर उर्फ टॉमी उर्फ टोमू को चौगानपुर गोल चक्कर के पास से पकड़ा।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी गांजा तस्करी के एक मामले में फरार चल रहा था। उसकी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने उस पर 15,000 रुपये का इनाम घोषित किया था।

पूछताछ में पता चला है कि आरोपी एक शातिर गांजा तस्कर है। वह अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित तरीके से ओडिशा राज्य से ट्रकों में गांजा लाकर एनसीआर के नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद जैसे क्षेत्रों में सप्लाई करता था।

इस गिरोह के दो अन्य सदस्य, अली हसन और योगेंद्र, को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

आरोपी अरविंद किशोर उर्फ टॉमी का आपराधिक इतिहास है, जिसमें पूर्व में भी मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार बड़ी कार्रवाई की जा रही है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों को लगातार गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पिंक बूथ पर बुधवार को साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

विशेषज्ञों ने बताया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे सतर्कता आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को फिशिंग, पहचान चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग और सोशल मीडिया से जुड़े जोखिमों जैसे विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों को अंजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी और बैंकिंग जानकारी साझा न करने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी गई।

अधिकारियों ने उपस्थित विद्यार्थियों को साइबर हेल्पलाइन 1930 के महत्व से अवगत कराया, जिस पर किसी भी ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय साइबरक्राइम पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

# दोस्तों ने मनीष की हत्या कर शव नहर में फेंका

## 29 नवंबर से लापता था, पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा; लाश नहीं मिली

▸ पुलिस सूत्रों के अनुसार, मनीष और उसके दोस्तों के बीच 29 नवंबर को पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने मनीष की हत्या कर दी।

**एजेंसी**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में 29 नवंबर से लापता युवक मनीष (24) की हत्या का खुलासा हुआ है। पुलिस ने बुधवार शाम को मनीष के दो दोस्तों को हिरासत में लिया, जिन्होंने रंजिश के चलते गला दबाकर हत्या करने और शव को खेरली नहर में फेंकने की बात स्वीकार की।

पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें देर रात तक नहर में शव की तलाश करती रहीं, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

अस्तौली निवासी नारायण सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 नवंबर की सुबह करीब 8 बजे उनका बेटा मनीष कार लेकर दोस्तों के साथ निकला था। उसी दिन से उसका फोन बंद था और वह घर नहीं लौटा।

परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। मनीष के दोस्त भी उसी दिन से गायब थे, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिवार ने सोमवार को गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मनीष और उसके दोस्तों के बीच 29 नवंबर को पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हुई थी।

इसी दौरान दोनों आरोपियों ने मनीष की हत्या कर दी। चौंकाने वाली बात यह है कि हत्या से ठीक पहले मनीष ने गांव के दो परिचित युवकों को फोन कर अपनी जान को खतरा बताया था।



पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस और कई लोगों से पूछताछ के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई। पूछताछ में सामने आया कि हत्या के बाद आरोपियों ने मनीष का मोबाइल बिलासपुर क्षेत्र में फेंक दिया था और शव को खेरली नहर में बहा दिया था।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि युवक के शव की तलाश जारी है।

बुधवार देर रात तक शव बरामद नहीं हो सका था। अंधेरा अधिक होने के कारण तलाश में समस्या आई, इसलिए गुरुवार सुबह से फिर से खोज अभियान शुरू किया जाएगा।

# दनकौर बाजार में बंदरों की लड़ाई से भगदड़

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में बंदरों की समस्या लगातार बनी हुई है। बुधवार को मुख्य बाजार में 100 से अधिक बंदर आपस में भिड़ गए, जिससे सब्जी मंडी और बाजार में भगदड़ मच गई। बंदरों की इस लड़ाई के दौरान दुकानदार और ग्राहक अपनी दुकानों के अंदर छिपने को मजबूर हो गए। यह संघर्ष लगभग 20 मिनट तक चला। बाद में बंदर लड़ते हुए छतों से आगे निकल गए, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय दुकानदारों जैसे सलीम, अफसर, अन्नू, सोनी, बदलू, कलुआ, यकिल, सकील, राजीव गर्ग और बॉबी ने बताया कि पाटिया चौक, सब्जी मंडी, मुख्य बाजार, टीन का बाजार और लंबा गलियारा जैसी जगहों पर रोजाना बंदरों की लड़ाई से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। दुकानदारों ने कई बार नगर पंचायत अधिकारियों से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

# जेवर एयरपोर्ट से चोरी : साइट इंजीनियर सहित चार गिरफ्तार

## पुलिस ने 15 लाख का एल्युमीनियम केबल और वाहन बरामद किए

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की थाना इकोटेक प्रथम पुलिस ने जेवर एयरपोर्ट से एल्युमीनियम केबल चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है।

पुलिस ने टाटा कंपनी के साइट इंजीनियर सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इनके कब्जे से लगभग 15 लाख रुपये मूल्य के सात बंडल एल्युमीनियम केबल, एक फर्जी नंबर प्लेट लगा कैंटर और एक स्विफ्ट कार बरामद की गई है।

पुलिस ने मंगलवार रात जीबीयू चौराहे पर चेकिंग के दौरान एक कैंटर और उसके पीछे आ रही एक स्विफ्ट कार को रोकने का प्रयास किया। जब वाहन नहीं रुके, तो इकोटेक प्रथम पुलिस टीम ने अपनी गाड़ी आगे लगाकर दोनों वाहनों को रोक लिया। कैंटर पर हरियाणा की फर्जी नंबर प्लेट लगी थी और उसमें काले व पीले एल्युमीनियम के सात बंडल केबल भरे हुए थे।



पुलिस द्वारा रोके जाने पर आरोपी घबरा गए। स्विफ्ट कार में बैठे लोगों से पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी की पूरी वारदात का खुलासा किया।

ड्राइवर ने बताया कि यह माल जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से चोरी किया गया था, जिसमें हवाई अड्डे के कुछ कर्मचारी भी शामिल थे।

उन्होंने शिवम शर्मा, निवासी ग्राम लालपुर, थाना टप्पल, जिला अलीगढ़, जो टाटा कंपनी में टर्मिनल बिल्डिंग के साइट इंजीनियर हैं, का नाम लिया, जिन्होंने चोरी में मदद की थी।

पुलिस ने साइट इंजीनियर शिवम शर्मा के साथ इरशाद अहमद, मो. सिराज और इजहार उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया।

ये तीनों सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव के निवासी हैं।

पुलिस ने इनके कब्जे से 15 लाख रुपये मूल्य के सात बंडल एल्युमीनियम केबल, एक फर्जी नंबर प्लेट लगा कैंटर और एक स्विफ्ट कार बरामद की।

पुलिस के अनुसार, साइट इंजीनियर शिवम शर्मा एयरपोर्ट के नए एल्युमीनियम केबल को कबाड़ का माल बताकर वाहनों में लोड करवाता था। इसके बाद वह इसे कबाड़ियों को बेच देता था।

# बेकाबू ट्रेलर पलटा, डंपर समेत 4 गाड़ियां टकराईं : 3 की मौत, 6 गंभीर

## कुशीनगर में बुजुर्ग को बचाने में दूसरी लेन पर आया

**कुशीनगर।** यूपी के कुशीनगर में एक ट्रेलर सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को बचाने में डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन पर जाकर पलट गया। जिसके बाद उससे डंपर, ई रिक्शा समेत 4 गाड़ियां टकरा गईं। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि 6 घायल हैं।

हादसे में ई-रिक्शा पर सवार 7 लोग, ट्रैक्टर व बाइक सवार घायल हो गए। मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसा पकवा इनार कस्बे में बुधवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे हुआ।

मौके पर पहुंची पुलिस ने 9 घायलों को कसया सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। 7 गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज पडरौना भेजा गया। वहां ई-रिक्शा सवार 2 और लोगों ने दम तोड़ दिया। जबकि बाइक सवार युवक का कसया में ही इलाज चल रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- ट्रेलर तमकुहीराज से गोरखपुर के लिए जा




रहा था। पकवा इनार कस्बे के पास बुजुर्ग सड़क क्रॉस कर रहा था। ट्रेलर चालक ने बुजुर्ग को बचाने के लिए गाड़ी को डिवाइडर की तरफ अचानक मोड़ दिया, जिससे ट्रेलर डिवाइडर को पार कर दूसरी लेन पर आ गया।

इसी दौरान दूसरी लेन पर एक दूसरा ट्रेलर आ गया। इससे दोनों की टक्कर हो गई।

पहला वाला ट्रेलर हाईवे पर ही पलट गया। इसी दौरान पीछे से आ रहा ट्रैक्टर, ई-रिक्शा और बाइक भी ट्रेलर से टकरा गई।

हादसे के बाद लोग छिटककर सड़क पर गिरे। एक युवक का सिर फट गया, मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। जबकि बाकी 8 घायल चीखने चिल्लाने लगे। घटना के तुरंत बाद पहुंची 108 एम्बुलेंस की 5 गाड़ियों ने 9 लोगों को सीएचसी पहुंचाया।

### देवरिया और कुशीनगर के लोगों की मौत

हादसे में देवरिया के सहोदर पट्टी गांव के केशव राजभर (21) पुत्र रविन्द्र राजभर, कुशीनगर के निवासी रामविलास (58) समेत तीन की मौत हो गई। तीसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

घायलों में अजय सिंह (46) पुत्र चंद्रिका सिंह निवासी श्यामपुर हतवा, चंदन कुमार (25) पुत्र दुखी निवासी सुंदर पट्टी, शिव कुमारी (42) पत्नी विजय प्रसाद निवासी भैंसहा, लक्ष्मी (16) पुत्री हरिराम और काजल सिंह (16) पुत्री उपेंद्र निवासी पकवा इनार घायल हैं। जबकि एक घायल की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

# उर्वरक दुकानों पर आकस्मिक छापेमारी; एक दुकान का लाइसेंस निरस्त

**पीलीभीत।** रबी सीजन में किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने विभिन्न उर्वरक प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापेमारी की। निरीक्षण जोगराजपुर क्षेत्र में मै0 दुर्गा खाद भंडार, राहुल खाद भंडार, शंकर इंटरप्राइजेज, वर्मा फर्टिलाइजर और जय अंबे खाद भंडार पर किया गया। पीओएस मशीन से स्टॉक मिलान सही पाया गया तथा दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि बिक्री केवल पीओएस मशीन से ही करें और न तो ओवररेटिंग करें और न ही टैगिंग। मै0 किसान एग्रो ट्रेडर्स, गौरा का प्रतिष्ठान बंद मिलने पर उसका उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिया गया। साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उचित मूल्य पर मिल सके इसके लिए छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# चार वर्ष तक झूठे प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक शोषण करने वाला गिरफ्तार



**बरखेड़ा।** जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र में एक युवती को चार वर्षों तक झूठे प्रेमजाल में फँसाकर शारीरिक शोषण करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता द्वारा दिए गए गंभीर आरोपों के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था और विवेचना के दौरान आरोपी की तलाश की जा रही थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने 30 नवंबर 2025 को थाना बरखेड़ा में तहरीर देकर बताया कि ग्राम भूडा निवासी छत्रपाल पुत्र पूरनलाल ने उसे शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। जब पीड़िता ने शादी पर जोर दिया तो आरोपी ने न केवल शादी से इंकार कर दिया बल्कि उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। यही नहीं, आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी।

तहरीर के आधार पर थाना बरखेड़ा में मुकदमा संख्या 438/25 दर्ज किया गया, जिसमें आरोपी पर धारा 69, 115(2), 351(3) और 352 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने घर पर मौजूद है।

इस पर मंगलवार 02 दिसंबर की शाम लगभग 7: 40 बजे पुलिस ने ग्राम भूड़ा पहुंचकर छत्रपाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की उम्र करीब 22 वर्ष है और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है।

# पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**पीलीभीत।** तहसील सदर में पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों को लेकर उप जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह की अध्यक्षता में टास्कफोर्स बैठक आयोजित की गई। इसमें डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के सदस्यों को अभियान कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि सुपरवाइजर प्रशिक्षण दिसंबर के प्रथम सप्ताह में,सामाजिक गतिविधियां प्रथम व द्वितीय सप्ताह में,बूथ दिवस 14 दिसंबर,घर-घर गतिविधि 15 से 19 दिसंबर,वी-टीम गतिविधि 22 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। निर्देश दिए गए कि सभी वैक्सीनेटर टीमों—घर-घर, ट्रांजिट और मोबाइल टीम—का प्रशिक्षण समय पर पूरा कराया जाए। विशेष रूप से ईंट भट्ठों, निर्माण स्थलों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में 0-5 वर्ष के बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।उप जिलाधिकारी ने मेलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, टैम्पो स्टैंड और प्रमुख चौराहों पर विशेष टीमें तैनात कर टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। प्राप्त फीडबैक के आधार पर रोजाना समीक्षा करते हुए अगले दिन की रणनीति तैयार की जाएगी। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत दिसंबर में टीका उत्सव आयोजित कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छूटे बच्चों के टीकाकरण के लिए बीआरसी टीम, महिला आरोग्य समिति, नगरीय निकाय और सामाजिक संस्थाओं से सहयोग लेने के निर्देश दिए गए।

# जिला महिला अस्पताल में प्रसव के बाद नवजात की मौत

## परिजनों ने स्टाफ पर रिश्वतखोरी और दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए

**पीलीभीत।** जिला महिला अस्पताल में बुधवार को सामान्य प्रसव के बाद एक नवजात शिशु की मौत हो जाने से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। मृतक नवजात के परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर 5000 की रिश्वत मांगने, दुर्व्यवहार करने और जबरन कागजात पर हस्ताक्षर कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी गई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर के मृदुल सिन्हा अपनी पत्नी प्रिया सिंह को मंगलवार रात करीब 10: 30 बजे प्रसव पीड़ा होने पर जिला महिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। बुधवार



सुबह प्रिया सिंह का सामान्य प्रसव हुआ, लेकिन नवजात ने मृत अवस्था में जन्म लिया। इस घटना से परिवार शोक में डूब गया। परिजनों का कहना है कि नवजात के शव के सिर के पास चोट के निशान दिखाई दिए, जिससे उनका शक और अधिक गहरा हो गया।

मृतक नवजात के पिता मृदुल सिन्हा ने आरोप लगाया कि प्रसव के दौरान अस्पताल स्टाफ ने 5000 की रिश्वत मांगी थी। आरोप है कि परिजनों द्वारा विरोध करने पर डॉक्टरों ने उनके साथ बदसलूकी की और जबरन कुछ कागजात पर हस्ताक्षर करवाने का प्रयास किया। परिजनों का यह भी कहना है कि नवजात के शव को दफनाने के लिए अस्पताल से निकलने के बाद भी डॉक्टरों ने प्रसूता प्रिया सिंह के साथ अभद्रता की तथा उन पर जबरन हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया।

मृदुल सिन्हा द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दिए जाने पर शहर कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आरोपों की सत्यता की पुष्टि हेतु सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। अस्पताल प्रशासन की ओर से इस मामले पर अभी आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।घटना के बाद जिला महिला अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। परिजनों ने न्याय दिलाए जाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं और महिलाओं को किया जागरूक

**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स, 1090 वूमेन पावर



लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें । अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें । महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

# यूपी की टीचर की बिहार में गोली मारकर हत्या

**अररिया।** यूपी की टीचर की बिहार में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अररिया जिले के खाबदा कन्हैली मध्य विद्यालय की टीचर शिवानी कुमारी (28) को बदमाशों ने स्कूल जाने के दौरान गोली मारी है। घटना सुबह करीब 8: 30 बजे की बताई जा रही है। खेत में काम रहे किसान सुधीर यादव ने बताया कि वो स्कूटी से जा रही थीं। तभी बाइक से 2 लड़के आए और पास से गोली मार कर भाग गए। गोली लगते ही वो जमीन पर गिर पड़ी। इसके बाद मैंने आसपास के लोगों को बुलाया और सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से अररिया सदर अस्पताल 70 किमी दूर है। शिवानी कुमारी कुछ महीने पहले ही इस स्कूल में बीपीएससी शिक्षिका के रूप में पदस्थापित हुई थीं। वे उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले की निवासी थीं और किराए के मकान में रहकर नरपतगंज में नौकरी कर रही थीं। ग्रामीण ने बताया कि शिक्षिका की कुछ दिन पहली ही सगाई हुई थी। कुछ दिन में उसकी शादी होनी थी।

# आजमगढ़ में गार्ड की बंदूक गिरी, ताबड़तोड़ 2 फायर हुए

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में सड़क किनारे पैदल जा रहे कैश वैन के गार्ड को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे गार्ड के हाथ से छूटकर डबल बैरल बंदूक सड़क पर गिर गई। गिरते ही बंदूक से गोली चल गई, जो सड़क किनारे बैठे 2 युवकों को जा लगी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक की मौत हो गई। घटना फूलपुर थाना क्षेत्र में यूनियन बैंक के सामने की है। यह पूरी घटना बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने गार्ड को हिरासत में ले लिया है। मेडिकल जांज में सामने आया कि गोली दोनों युवकों के पेट, बांह और पसली में लगी है। फूलपुर में यूनियन बैंक की ब्रांच में बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे कैश वैन आई थी। वैन का गार्ड अजय सिंह किसी काम से सड़क पार कर दूसरी तरफ जा रहा था। इसी बीच पीछे से आए एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसके कंधे पर टंगी डबल बैरल बंदूक नीचे जमीन गिर गई। गिरते हुए बंदूक से दो फायर हो गए।

# अभियान चलाकर एक बच्चे को कराया बाल श्रम से मुक्त

**ललितपुर।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद स्तर पर चलाए जा रहे अखिल भारतीय बाल बचाव एव पुनर्वास किशोर श्रम उन्मूलन रोकथाम व बाल भिक्षावृत्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ललितपुर के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी महोदय श्री कालु सिंह के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकार यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में थाना एंटी हयूमन ट्रैफिकिगं जनपद ललितपुर निरीक्षक हरिशंकर प्रभारी निरीक्षक एएचटी मय हमराह उ.नि. मंसूर अंसारी, व श्रम विभाग से अनिल



कुमार श्रम प्रवर्तन अधिकारी, कुलदीप गुप्ता, रामप्रताप, चन्दन सिंह, जिला प्रोबेशन से जयराम की संयुक्त टीम के साथ बालश्रम / बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान जनपद ललितपुर क्षेत्र पर अभियान चलाया गया AHT व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई रैकी व सुरागरसी पतारसी के आधार पर बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान तथा मानव तस्करी रोकथाम के सबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया अभियान के दौरान कुल 01 किशोर श्रमिक बालश्रम करते मिले, श्रम विभाग द्वारा नियोजकों को मौके पर ही नोटिस देकर किशोर श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों जनरल स्टोर व दुकानदारों को बालश्रम अधिनियम के बारे बताया गया व - हिदायत किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है। उक्त अभियान में एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर, उ0नि0 मंसूर अंसारी, व श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन की संयुक्त टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया। बाल श्रम उन्मूलन अभियान का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर थाना AHT द्वारा किया गया।

# विश्व दिव्यांगता दिवस पर दिव्यांगों के पुनर्वासन से संबंधित सामाजिक, शैक्षणिक, विधिक व चिकित्सीय विषयों पर हुई कार्यशाला

## मा0 जनप्रतिनिधियों के हाथों सहायक उपकरण पाकर दिव्यांजनों के खिले चेहरे

**ललितपुर।** जनपद में विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर मा0 राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, मा0 सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, मा0 एमएलसी प्रतिनिधि श्री केदारनाथ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में विकास भवन परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगों के पुनर्वासन से संबंधित सामाजिक,



शैक्षणिक, विधिक व चिकित्सीय आदि विषयों पर मा0 जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने-अपने विचार प्रकट किये गए। मा0 राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन ने कहा कि आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर इस विराट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिससे जनपद के दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध हो सकें। इस शिविर के माध्मय से जनपद के अनेक दिव्यांगजनों को लाभ मिलेगा। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए विश्व दिव्यांगता दिवस की बधाई दी। मा0 सदर विधायक ने कहा कि जनपद के दिव्यांगजनों के लिए समय-समय पर विभाग द्वारा इस प्रकार के सहायक उपकरण वितरण कैम्पों का कराया जाता रहा है।

# लूट के लिए घर में घुसकर महिला की हत्या

**लखनऊ।** लखनऊ में लूट के विरोध में बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। वह घर में अकेली रहती थी। पड़ोसियों ने दरवाजा खुला देखकर पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घर के भीतर गई, तो महिला का शव पीछे वाले कमरे में पड़ा था। गले में चोट के निशान थे। इससे माना जा रहा है कि गला दबाकर महिला की हत्या की गई। अलमारी का ताला टूटा था। अटैच बेड पर रखा था। पूरे कमरे में सामान बिखरा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटा रही है। घटना मंगलवार रात जानकीपुरम थाना क्षेत्र के यशोदपुरम सेक्टर आई में हुई। मृतका की पहचान 74 वर्षीय नीलमा श्रीवास्तव के रूप में हुई। वह घर में अकेली रहती थीं। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध युवक की फुटेज मिली है।

# शार्ट न्यूज

## मां के साथ धार्मिक स्थल गई किशोरी लापता, दो युवकों पर अपहरण का आरोप

बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी बुधवार देर शाम रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गई। मां के साथ सोरहा खकुमा धार्मिक स्थल गई किशोरी वहां से अचानक लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता न चलने पर मां ने कोतवाली में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को बीसलपुर निवासी मोहित पाठक और एक अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। महिला ने बताया कि रात करीब 10 बजे उसकी पुत्री अचानक नजर नहीं आई, जिसके बाद उसे गांव के लोगों से जानकारी मिली कि दो युवकों को उसकी बेटी के साथ जाते हुए देखा गया था।कोतवाली पुलिस ने अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों युवकों की तलाश तेज कर दी है। पुलिस टीम किशोरी को जल्द बरामद करने का प्रयास कर रही है।

## सांड की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**बीसलपुर।** बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग पर बुधवार शाम उस समय हादसा हो गया जब अचानक आए एक आवारा सांड से बाइक टकरा गई। टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।मोहल्ला दुगीपुर बड़गमा निवासी सीताराम पुत्र हुलासी राम अपनी रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। जसोली-दिवाली क्षेत्र में अचानक सड़क पर एक सांड आ गया और उनकी बाइक उससे जा टकराई। हादसे में उन्हें गम्भीर चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है और कई बार ऐसे हादसे सामने आ चुके हैं, लेकिन व्यवस्था अब भी सुचारू नहीं हो पाई है।

## मोबाइल में फाड फाइल अपलोड कर हैकर ने निकाला लाखों का लोन, मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है, जिसमें अज्ञात हैकर ने पीएम किसान योजना के नाम पर भेजी गई एक फर्जी एपीके फाइल अपलोड कराने के बाद पीड़ित के मोबाइल को हैक कर लिया और उसके नाम पर लाखों रुपये का लोन निकाल लिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मोहल्ला ग्यासपुर निवासी राहुल अग्रवाल पुत्र रामकुमार अग्रवाल ने बताया कि उनके मोबाइल फोन पर 'पीएम किसान एपीके फाइल' आई थी। उसे अपलोड करते ही मोबाइल हैंक हो गया और हैकर ने उसके एचडीएफसी बैंक अकाउंट से ऑनलाइन धोखाधड़ी करते हुए लोन निकाल लिया। पीड़ित ने बताया कि उसने कोई लोन आवेदन नहीं किया था, जबकि उसके नाम पर बड़ी राशि स्वीकृत दिख रही है। घटना के बाद उसने तुरंत पुलिस से शिकायत की। कोतवाली पुलिस ने साइबर अपराध की धारा में मुकदमा दर्ज कर बैंक व साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**बीसलपुर।** विकासखंड बीसलपुर के ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारियों ने बुधवार को ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाने और विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों को सौंपे जाने के विरोध में सांकेतिक सत्याग्रह कर अपनी नाराज़गी प्रकट की। सभी अधिकारियों ने अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर धरना दिया और शासन को संकेत दिया कि अतिरिक्त भार किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।धरने में मौजूद अधिकारियों ने कहा कि ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों को मूल दायित्वों से हटकर कई विभागों के अतिरिक्त कार्य दिए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। धरना देने वालों में जाकिर अली, संतोष वर्मा, मुकेश राना, पुष्कर राणा, रितेश शुक्ला, सचिन, राहुल गंगवार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## लखनऊ में 14 से पल्स पोलियो अभियान

**लखनऊ।** लखनऊ में 14 दिसम्बर से पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। 19 दिसंबर तक चलने वाला इस अभियान को लेकर सीएमओ कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसके अलावा कोल्ड चेन हैंडलर का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा हुआ। 44 कोल्ड चेन पॉइंट के कुल 88 कोल्ड चेन हैंडलर को प्रशिक्षण दिया गया। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि टीका उत्सव के बीच 14 दिसम्बर से पोलियो अभियान शुरू किया जाएगा। पोलियो अभियान के तहत 7.03 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 14 दिसम्बर को सरकारी विद्यालयों, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 2783 बूथ लगाकर बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाएगी। इसके साथ ही रेलवे, बस स्टेशन, टैम्पो स्टैंड पर भी बूथ लगाकर दवा पिलाई जाएगी। 15 से 19 दिसम्बर तक 2204 टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलायेंगी। इसके साथ ही 136 मोबाइल टीमें और 226 ट्रांजिट टीमें बनाई गई हैं।

## किसानों के धरने को वकीलों का समर्थन

**महोबा।** महोबा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में किसानों का धरना 107वें दिन भी जारी रहा। बुधवार को सदर तहसील में जय जवान जय किसान संगठन के बैनर तले चल रहे इस आंदोलन को अधिवक्ताओं का समर्थन मिला, जिससे किसानों की लड़ाई को नई मजबूती मिली। संगठन के अध्यक्ष और किसान नेता गुलाब सिंह राजपूत इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। उनका आरोप है कि वर्ष 2024 और 2025 में फसल बीमा योजना के तहत किसानों की पॉलिसियों का पैसा दलालों के माध्यम से संपादित कर अन्य लोगों के खातों में भेज दिया गया। इससे हजारों किसान योजना के लाभ से वंचित रह गए। राजपूत ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन से पारदर्शी जांच की उम्मीद न होने की बात कहते हुए सीबीआई या एसआईटी जांच की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को खून से खत लिखकर भी जांच की गुहार लगाई है। किसान नेता ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें धरना समाप्त करने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से शांति भंग की कार्रवाई कर जेल भेजने की धमकी भी मिल रही है, लेकिन किसान अपने अधिकारों की लड़ाई में पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

## करोड़ों की साइबर ठगी करने वाले 3 गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस और साइबर क्राइम सेल ने एक बड़े संगठित साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। संयुक्त कार्रवाई में तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी देशभर में म्यूचुअल अकाउंट का इस्तेमाल कर करोड़ों रुपए की साइबर ठगी को अंजाम दे रहे थे। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त प्रयागराज और एडीसीपी कानून-व्यवस्था के निर्देश पर की गई। पुलिस टीम ने 3 दिसंबर की रात 00: 25 बजे सिविल लाइन्स क्षेत्र स्थित पोलो ग्राउंड मजार के पास घेराबंदी कर 33 वर्षीय आलोक रंजन गौरव, 25 वर्षीय शुभम कन्नौजिया और 25 वर्षीय पार्शव शर्मा को गिरफ्तार किया। शुरुआती पूछताछ में पता चला कि आरोपी लंबे समय से फर्जी बैंक खातों को म्यूल अकाउंट के रूप में उपयोग कर विभिन्न राज्यों में साइबर धोखाधड़ी में मदद कर रहे थे। ये आरोपी आम लोगों को सरकारी योजनाओं, निवेश पर भारी लाभ, मुफ्त बैंक अकाउंट और शेयर मार्केट में कमाई का लालच देकर उनके बैंक खाते खुलवाते थे। बाद में इन्हीं खातों का उपयोग साइबर अपराधी ठगी की रकम को एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर करने के लिए करते थे, जिससे मूल आरोपी तक पहुंचना मुश्किल हो जाता था। गिरफ्तार आरोपियों के पास से भारी मात्रा में डिजिटल उपकरण और दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यीशु पर बनी रूबेन्स की दुर्लभ पेंटिंग 27 लाख डॉलर में बिकी

**पेरिस, एजेंसी।** बारोक काल के महान चित्रकार पीटर पॉल रूबेन्स की एक लंबे समय से खोई पेंटिंग वर्सलीज में नीलामी के दौरान 27 लाख डॉलर में बिकी। ईसा मसीह (यीशु) को सूली पर चढ़ाए जाने का दृश्य बताने वाली यह पेंटिंग चार सदी से अधिक समय बाद हाल में पेरिस के एक निजी टाउनहाउस में मिली थी। यह एक फ्रांसीसी संग्रह का हिस्सा थी। विशेषज्ञ निल्स ब्यूट्नर ने कहा, यह एकमात्र ऐसी पेंटिंग है जिसमें ईसा मसीह के पार्श्व–घाव से रक्त और पानी बहते दिखाया है। रूबेन्स ने इसे एक बार में बनाया था।

### कराची : तेज रफ्तार स्पीडबोट की टक्कर में यात्री नाव डूबी, 2 मरे

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची के मनोरा के पास समुद्र में रविवार शाम एक निजी स्पीडबोट की टक्कर एक यात्री नाव से हो गई। इस हादसे में एक महिला और एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य घायल हुए हैं। डीआईजी सैयद असद रजा ने बताया कि शाम 6 :30 बजे जब यह टक्कर हुई तब नाव मनोरा बीच से जेटी नंबर 1 की ओर जा रही थी। टक्कर से नाव पूरी तरह से नष्ट हो गई। इसमें चार परिवारों के कुल 22 लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान नौसेना और कराची पोर्ट ट्रस्ट ने उन्हें बचाया। रजा ने कहा कि दो घायल लड़कियों की हालत नाजुक बनी हुई है।

### तस्करी के शक में ईरान में दो द. कोरियाई नागरिक गिरफ्तार

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि ईरान में तस्करी के शक में दो दक्षिण कोरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि ईरान में उनका राजनयिक मिशन ईरानी अधिकारियों के साथ संपर्क में है। मंत्रालय ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों को जरूरी कांसुलर सहायता दी जाएगी। हालांकि, मंत्रालय ने गिरफ्तार किए गए लोगों के पेशा या आरोपों की सटीक प्रकृति के बारे में विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया।

### चीनी जल विद्युत प्रोजेक्ट में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के फुजियान प्रांत में बन रहा एक प्रमुख हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट योंगआन पावर स्टेशन गंभीर सुरक्षा उल्लंघन के आरोपों के कारण जांच के घेरे में है। चीन की आधिकारिक मीडिया ने बताया कि 7.5 अरब युआन (1.06 अरब अमेरिकी डॉलर) की इस परियोजना में घटिया सामग्री और लापरवाही से निर्माण करने का आरोप है। जांच में पाया गया कि इसके निचले जलाशय (लोअर रिजर्वायर) में गंभीर गुणवत्ता दोष हैं। यह लोअर रिजर्वायर बिजली उत्पादन का मुख्य केंद्र है।

### बलूचिस्तान : अर्धसैनिक बल मुख्यालय पर हमले में 3 मौतें

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अर्धसैनिक बल के मुख्यालय पर हमले की कोशिश को सुरक्षाकर्मियों ने नाकाम बताते हुए प्रतिबंधित संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के तीन चरमपंथियों को ढेर कर दिया। अर्धसैनिक बल का दावा है कि चगाई जिले के नोकुंडी कस्बे में फ्रंटियर कोर (एफसी) मुख्यालय पर आत्मघाती हमले के बाद चरमपंथियों ने वहां घुसने का प्रयास किया। इस पर त्वरित जवाबी कार्रवाई की गई। प्रवक्ता ने बताया कि कम से कम छह हमलावरों ने जबरन अंदर घुसने की कोशिश की। इस बीच मुख्यालय में घुसने में कामयाब रहे तीन आतंकियों को मार गिराया गया। सूत्रों के अनुसार, बीएलए चरमपंथियों ने पंजगुर के गुरमाकन क्षेत्र में एक अन्य एफसी चौकी को भी निशाना बनाया, जिसके बाद मुठभेड़ हुई। माना जा रहा है इस घटना में कई हमलावर मारे गए लेकिन फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक, एक हमलावर ने मुख्य द्वार पर खुद को उड़ा लिया, जिसके कारण कई सशस्त्र हमलावर शिविर में घुस गए। कई घंटे तक झड़पें जारी रहीं।

# पाकिस्तान सरकार ने रावलपिंडी में धारा 144 लगाई: रैली-जुलूस निकालने पर रोक

## प्रदर्शन की धमकी के बाद फैसला, इमरान से मिलने की मांग कर रही पार्टी



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार ने रावलपिंडी में धारा 144 लगा दी है। यह फैसला पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मौत की अफवाहों और देश में अशांति फैलने के डर के बीच आया है। इसके तहत 3 दिसंबर तक कोई भी सार्वजनिक सभा, रैली, जुलूस, धरना, प्रदर्शन करने, 5 या उससे ज्यादा लोगों के इकट्ठे होने को पूरी तरह बैन कर दिया गया है। डिप्टी कमिश्नर डॉ. हसन वकार ने इसे लेकर एक आदेश जारी किया है।

आदेश में हथियार, लाठी, गुलेल, पेट्रोल बम, विस्फोटक सामग्री ले जाने पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा नफरत भरे भाषण देना, पुलिस की बैरिकेडिंग हटाने की कोशिश करना, दो लोगों के एक मोटरसाइकिल पर पीछे बैठने और लाउडस्पीकर के इस्तेमाल करने पर भी पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। यह रोक इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के मंगलवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट के बाहर और रावलपिंडी (अडियाला जेल) में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के फैसले के बाद आया है।

**दावा- संदिग्ध संगठन कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की फिराक में :** आदेश में कहा गया है कि जिला खुफिया समिति ने रिपोर्ट दी है कि कुछ संगठन और तत्व बड़े पैमाने पर लोगों को इकट्ठा करके कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की फिराक में हैं। ये लोग संवेदनशील ठिकानों, सरकारी इमारतों और चुनिंदा जगहों पर हमला कर सकते हैं, इसलिए जनता की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए ये पाबंदियां लगाई जा रही हैं।

**पीटीआई नेता बोले- कोर्ट आदेश को लागू करने में नाकाम, इमरान से नहीं मिल पा रहे :** पीटीआई नेता असद कायसर ने कहा कि संसद के दोनों सदनों से विपक्षी सांसद इस्लामाबाद हाई कोर्ट के बाहर प्रदर्शन करेंगे और फिर अपनी धरना अडियाला जेल ले जाएंगे। उन्होंने कहा, 'प्रदर्शन करने का फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि कोर्ट अपने आदेश को लागू करने में नाकाम रही है और जेल प्रशासन भी कोर्ट के आदेशों का पालन करने को तैयार नहीं है।' पिछले हफ्ते, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री ने जेल के बाहर धरना दिया था, जब उन्हें आठवीं बार इमरान खान से मिलने से रोका गया। इसी तरह, खान के परिवार के सदस्यों को कई हफ्तों से उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है।

**न्याय राज्य मंत्री बोले- खैबर पख्तूनख्वा में राष्ट्रपति शासन लगाने की तैयारी :** इससे पहले पाकिस्तान के न्याय राज्य मंत्री अकील मलिक ने सोमवार को कहा, 'पख्तूनख्वा में सुरक्षा और प्रशासन की हालत बहुत खराब हो चुकी है।' पाकिस्तान सरकार खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में राष्ट्रपति शासन लगाने पर विचार कर रही है। जियो न्यूज के मुताबिक मलिक ने कहा, 'खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी वहां की स्थिति को सुधारने में बुरी तरह फेल रहे हैं। वह न तो केंद्र सरकार से कोई तालमेल रख रहे हैं और न ही जरूरी जगहों पर कोई कार्रवाई कर रहे हैं।

**सेना के आदेश पर अफरीदी को पुलिस ने पीटा था :** इमरान खान का समर्थन करने रावलपिंडी की अडियाला जेल पहुंचे खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) राज्य के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी को पुलिस ने 27 नवंबर को सड़क पर गिराकर पीटा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएम सोहेल अफरीदी पर हमले की कार्रवाई सेना के आदेश पर की गई। अफरीदी गुरुवार को जिस समय जेल पहुंचे थे वहां भारी सुरक्षा तैनात थी और पीटीआई समर्थकों की भीड़ लगातार बढ़ रही थी। उनके पहुंचने से हालात और बिगड़ गए। पुलिस ने उन्हें और उनके साथ आए नेताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। धक्का-मुक्की के दौरान पुलिसकर्मियों ने सीएम को लात-घूंसे भी मारे और जमीन पर गिरा दिया। पीटीआई ने इस घटना को लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया है। अफरीदी ने बड़े विरोध-प्रदर्शन की धमकी दी थी अफरीदी का कहना है कि सरकार को इमरान खान की सेहत और सुरक्षा को लेकर उठे सभी सवालों के सही जवाब देने होंगे।

# अमेरिका, ब्रिटेन समेत 15 देशों का चीन पर मानवाधिकार हनन का आरोप रिपोर्ट पर जताई गहरी चिंता



**वाशिंगटन, एजेंसी।** 15 देशों के गठबंधन ने 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति के दौरान चीन पर गंभीर और व्यवस्थित मानवाधिकार हनन का आरोप लगाया है। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे राष्ट्रों ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मानवाधिकार रिकॉर्ड पर गहरी चिंता जताई।

फयूल की एक रिपोर्ट के अनुसार इन्होंने अपने बयान में चीन सरकार पर मनमानी हिरासत, जबरन श्रम, अवैध सामूहिक निगरानी, और धार्मिक/ सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर महत्वपूर्ण अंकुश लगाने की निंदा की। उइगरों, तिब्बतियों, ईसाइयों और फालुन गोंग अभ्यासी समेत अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार दुर्व्यवहार की विश्वसनीय रिपोर्टों पर जोर दिया गया। बच्चों को उनके परिवारों से अलग करने और राज्य-संचालित आवासीय स्कूलों में भेजने और सांस्कृतिक/ धार्मिक स्थलों को नष्ट करने जैसी प्रथाओं का भी उल्लेख किया गया।

**हॉन्गकॉन्ग में नागरिक स्वतंत्रता और कानून के शासन के क्षरण पर भी चिंता :** गठबंधन ने हॉन्गकॉन्ग में नागरिक स्वतंत्रता और कानून के शासन के गंभीर रूप से क्षरण पर भी चिंता जताई। 15 देशों ने बीजिंग से तत्काल और बिना शर्त उन सभी व्यक्तियों को रिहा करने की मांग की, जिन्हें केवल उनके मानवाधिकारों का प्रयोग करने के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्होंने चीन से अंतरराष्ट्रीय कानूनी दायित्वों का पूरी तरह से पालन करने का आग्रह भी किया। पहले भी चीन पर मानवाधिकारों के उल्लंघन के आरोप लगते रहे हैं।

# यूरोपीय संघ के रक्षा फंड में शामिल हुआ कनाडा, अमेरिका से बढ़ रही दूरी




**ओटावा, एजेंसी।** यूरोपीय संघ रक्षा फंड में कनाडा भी शामिल हो गया है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के कार्यालय ने यह जानकारी दी। कनाडा के इस कदम को सैन्य खर्च के लिए अमेरिका पर निर्भरता से दूर जाने के तौर पर देखा जा रहा है। यूरोपीय संघ के रक्षा फंड में शामिल होने के बाद कनाडा को 150 अरब यूरो का रक्षा कर्ज आसानी से मिल सकेगा। यूरोपीय संघ के इस रक्षा फंड को यूरोप के लिए सुरक्षा कार्रवाई (एसएएफई) के नाम से जाना जाता है। इस समूह में शामिल होने के बाद कनाडा की कंपनियों को विभिन्न रक्षा उपकरण खरीदने के लिए यूरोपीय संघ का सस्ता लोन मिल सकेगा।

**क्या है एसएएफई :** यूरोप के लिए सुरक्षा कार्रवाई यूरोपीय संघ का एक वित्तीय साधन है जिसका उद्देश्य सदस्य देशों को साझा रक्षा खरीद के लिए 150 अरब यूरो तक की वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह यूरोपीय संघ के उधार के माध्यम से वित्तपोषित किया जाएगा और इसका लक्ष्य यूरोपीय रक्षा और औद्योगिक आधार को मजबूत करना, महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा देना और यूरोपीय रक्षा को मजबूत करना है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने एक बयान में कहा, एसएएफई में कनाडा की भागीदारी से सैन्य क्षमता की कमियों को दूर किया जाएगा, इससे कनाडाई निर्यातकों के लिए मार्केट का विस्तार होगा, और कनाडा में यूरोपियन रक्षा निवेश को बढ़ावा मिलेगा।' गौरतलब है कि कनाडा पहला गैर-यूरोपीय देश है जिसे रक्षा फंड में शामिल किया गया है। मार्क कार्नी ने कहा कि इससे कनाडा और यूरोपीय देशों के रिश्तों में भी मजबूती आएगी।

# मादुरो को ट्रंप की चेतावनी, फोन कर कहा- देश छोड़ दें, अमेरिका-वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव एक बार फिर खतरे की रेखा पार करता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से फोन पर बात की और उन्हें तीखा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि वह तुरंत देश नहीं छोड़ते, तो हालात और गंभीर हो जाएंगे। ट्रंप की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब कैरेबियन क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ चुकी है और दोनों देशों के रिश्ते पहले से ही बेहद तनावपूर्ण हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, फोन कॉल के दौरान ट्रंप ने मादुरो से साफ कहा, 'आप खुद को और अपने करीबियों को बचा सकते हैं, लेकिन आपको अभी देश छोड़ना होगा।' अमेरिका ने मादुरो, उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस और उनके बेटे को सुरक्षित रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था। यह प्रस्ताव मादुरो के कई शीर्ष सहयोगियों तक भी बढ़ाया गया था। लेकिन मादुरो ने इसे ठुकरा दिया। वेनेजुएला की तरफ से दो मुख्य मांगें रखी गईं। पहली, मादुरो और उनके करीबी सर्कल के लिए वैश्विक माफी और दूसरी, वेनेजुएला की सेना पर पूरा नियंत्रण बनाए रखने का अधिकार। अमेरिका ने इन दोनों मांगों को मंजूर करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद बातचीत पूरी तरह टूट गई।

**अमेरिकी राष्ट्रपति का सीधा संकेत :** ट्रंप ने रविवार को स्वीकार किया कि उन्होंने हाल ही में मादुरो से बात की है, लेकिन उन्होंने बातचीत की प्रकृति पर कोई जानकारी देने से मना कर दिया। इसके कुछ ही घंटे बाद उन्होंने दुनिया को चेतावनी दी कि वेनेजुएला का एयरस्पेस पूरी तरह बंद माना जाए। उनकी इस घोषणा के तुरंत बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों ने वेनेजुएला के ऊपर से उड़ान भरना बंद कर दिया। फ्लाइटराडार24 के मुताबिक, देश के ऊपर एक भी विदेशी विमान नहीं देखा गया। कुछ एयरलाइंस ने वैकल्पिक रास्ते अपनाए, जबकि कई ने सेवाएं रोक दीं।

**शर्तों की वजह से अटका समाधान :** रिपोर्ट के अनुसार, कॉल 16 नवंबर को हुई थी। इसमें मादुरो ने दो बड़े आश्वासन मांगे पहला, कि उन्हें और उनकी टीम को किसी भी मौजूदा आरोपों से वैश्विक स्तर पर पूरी तरह माफी मिले। दूसरा, वेनेजुएला की सेना पर उनका नियंत्रण बना रहे, भले ही भविष्य में देश में स्वतंत्र चुनाव हों। अमेरिका ने इन दोनों शर्तों को सख्ती से खारिज कर दिया और कहा कि मादुरो को पद तुरंत छोड़ना होगा। बताया गया कि मादुरो सरकार ने अमेरिकी प्रशासन से दोबारा बातचीत की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति मादुरो और उनकी शासन व्यवस्था पर अब तक का सबसे बड़ा दबाव बना रही है।

बातचीत टूटने के बाद अमेरिका ने अपने शब्दों के साथ-साथ अपनी कार्रवाई भी तेज कर दी। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अमेरिकी सैन्य अभियान जल्द ही जमीन पर शुरू हो सकते हैं। इसके बाद अमेरिकी जहाज और लड़ाकू विमान कैरेबियन में सक्रिय दिखाई दिए। अमेरिका ने दावा किया है कि वेनेजुएला की जमीन से ड्रग तस्करी बढ़ रही है, जिससे अमेरिका में 100000 लोगों की मौत हुई।

# ब्रिटेन में भारतीय छात्र विजय कुमार की की चाकू मारकर हत्या, परिवार ने दी श्रद्धांजलि, पुलिस की जांच तेज

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में पढ़ाई कर रहे 30 वर्षीय भारतीय छात्र विजय कुमार श्योराण की हत्या से उनके परिवार और समुदाय में गहरी शोक की लहर है। वेस्ट मर्सिया पुलिस ने सोमवार को औपचारिक रूप से उनकी पहचान जारी करते हुए परिवार की भावुक श्रद्धांजलि साझा की और मामले से जुड़े किसी भी तरह की जानकारी देने की अपील दोहराई।

पुलिस के मुताबिक, पिछले मंगलवार को वॉर्सेस्टर के बारबॉर्न रोड पर विजय गंभीर हालत में मिले थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। हत्या के शक में गिरफ्तार किए गए पांच लोग फिलहाल जमानत पर हैं, जबकि जांच अभी जारी है।


परिवार ने कहा- विजय ऊर्जा, खुशी और हंसी का दूसरा नाम था

हरियाणा के चरखी दादरी जिले के जग्रामबास गांव के रहने वाले विजय को परिवार ने एक ऐसे इंसान के रूप में याद किया, जिसकी मौजूदगी से हर कमरे में रोशनी फैल जाती थी। परिवार द्वारा जारी बयान में कहा विजय हमारे जीवन में ऊर्जा, खुशी और हंसी लेकर आया। वह जहां भी जाता, माहौल को खुशनुमा बना देता। कठिन परिस्थितियों में भी उसका मनोबल अटूट रहता था। वह दिल से जीने वाला इंसान था। परिवार ने आगे कहा उसका हर छोटा कदम, उसकी हर मुस्कान, उसकी हर दया हमारे दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी। उसकी असमय मौत ने हमारे जीवन में एक ऐसा खालीपन छोड़ दिया है, जिसे कभी भरा नहीं जा सकता।

**पुलिस की अपील- किसी के पास भी जानकारी हो तो सामने आए :** वेस्ट मर्सिया पुलिस के डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर ली होलहाउस ने कहा कि उनकी टीम घटना के हर पहलू की जांच कर रही है। उन्होंने कहा पिछले कुछ दिनों में हमने कई अहम सुराग जुटाए हैं। लेकिन हमें और जानकारी की जरूरत है। जो भी व्यक्ति घटना के बारे में कुछ जानता हो, वह तुरंत पुलिस से संपर्क करे। होलहाउस ने यह भी बताया कि पुलिस की टीम सप्ताहांत में भी बारबॉर्न रोड पर मौजूद रही और समुदाय को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

**विधायक ने केंद्र सरकार से की मदद की अपील :** चरखी दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने सोशल मीडिया पर विजय की मौत पर दुख जताया और भारत सरकार से परिवार की हर संभव मदद करने की अपील की। उन्होंने लिखा हम मांग करते हैं कि मृतक के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत लाने की व्यवस्था की जाए और जांच पारदर्शी और समयबद्ध हो ताकि दोषियों को कड़ी सजा मिल सके।

# बांग्लादेश लौटने की तैयारी में बेटा तारिक रहमान, 15 साल से लंदन में हैं निर्वासित

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष 80 वर्षीय बेगम खालिदा जिया की तबीयत गंभीर बनी हुई है। ताजा अपडेट के अनुसार उन्हें ढाका के एवरकेयर अस्पताल में वेंटिलेशन पर रखा गया है। उनकी सुरक्षा को देखते हुए अस्पताल में पुलिस और विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) की तैनाती की गई है। दूसरी ओर अब खालिदा जिया की ज्यादा गंभीर होती तबीयत को देखते 15 साल से लंदन में निर्वासन में रह रहे उनके बेटे और बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान अब बांग्लादेश लौटने की तैयारी में हैं। इस बात की जानकारी बीएनपी के वरिष्ठ नेता ने दी। बीएनपी के वरिष्ठ नेता सलाहुद्दीन अहमद ने बताया कि खालिदा जिया के बेटे और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान, जो पिछले 15 साल से लंदन में निर्वासन में रह रहे हैं, जल्द ही बांग्लादेश लौटेंगे। तारीक नए बांग्लादेशी पासपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। कारण है कि रहमान अस्थायी सरकार द्वारा दिए गए एक बार यात्रा पास का इस्तेमाल नहीं करना चाहते।

**चुनाव को लेकर भी पार्टी में हलचल :** बता दें कि अगले साल फरवरी में होने वाले बांग्लादेशी आम चुनाव को लेकर भी देशभर में हलचल तेज है। ऐसे में बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया का स्वास्थ्य खराब होना, पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा रहा है। ऐसे में बीएनपी की शीर्ष बैठक में पार्टी ने चुनावी रणनीति और वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा की। बीएनपी, अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन के बाद बदलते राजनीतिक परिदृश्य में फिर से मुख्य राजनीतिक ताकत के रूप में उभर रही है। बढ़ाई गई अस्पताल की सुरक्षा उधर, खालिदा जिया की बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए अस्पताल में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मंगलवार सुबह 2 बजे के करीब अस्पताल के मुख्य गेट पर बैरिकेड लगाई गई और दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए। मध्यरात्रि से विशेष सुरक्षा बल के चार सदस्य अस्पताल में पहुंचे और लगभग तीन घंटे तक सुरक्षा निरीक्षण किया।

# सिडनी में चल रहे अंतरराष्ट्रीय बाल शोषण रैकेट का भंडाफोड़

**सिडनी, एजेंसी।** सिडनी में पुलिस ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय बाल यौन शोषण रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन चारों पर बच्चों के यौन उत्पीड़न से जुड़े वीडियो ऑनलाइन फैलाने का आरोप है। जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क एक वैश्विक अंतरराष्ट्रीय बाल शोषण घिरोह से जुड़ा था, जिसके वीडियो में खतरनाक रस्मों और शैतानी प्रतीकों का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस ने इस कार्रवाई को बेहद गंभीर और संवेदनशील बताया है।

न्यू साउथ वेल्स पुलिस की विशेष टास्क फोर्स ने ऑनलाइन एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म पर चल रही संदिग्ध गतिविधियों की जांच के दौरान इस नेटवर्क की पहचान की। डिटेक्टिव सुपरिंटेंडेंट जेन डोहर्टी ने बताया कि यह सामान्य अपराध नहीं था, बल्कि इसमें ऐसे वीडियो शामिल थे जिनमें बच्चों को शैतानी अनुष्ठानों से जुड़े प्रतीकों और रिवाजों का इस्तेमाल करते हुए प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि यह सामग्री 'अत्यंत भयावह' है और बातचीत में भी ऐसे संकेत मिले जिससे पता चलता है कि आरोपी इसी तरह की क्रूर सामग्री साझा करते थे।

**कैसे पकड़े गए आरोपी :** पिछले गुरुवार को सिडनी में कई स्थानों पर छापे मारे गए और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके ठिकानों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए जिनमें हजारों वीडियो संग्रहित थे। यह सामग्री ऐसे बच्चों की थी जिनकी उम्र कुछ महीनों से लेकर 12 साल तक बताई गई है। पुलिस का कहना है कि यह सबूत दिखाते हैं कि आरोपी एक वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा थे, जो ऑनलाइन बच्चों पर अत्याचार से जुड़े वीडियो साझा करता था।

**अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की कड़ी :** पुलिस ने बताया कि यह नेटवर्क अलग-अलग देशों में फैले लोगों के बीच सामग्री साझा करता था। जांच में यह संकेत मिला है कि आरोपी शैतानी और ओकल्ट प्रतीकों के साथ वीडियो साझा करते थे। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में जो वीडियो मिले हैं, वे आरोपियों ने खुद नहीं बनाए, लेकिन उन्होंने इन्हें साझा किया और इन पर चर्चाएं कीं। अधिकारियों ने कहा कि वे वैश्विक एजेंसियों के साथ मिलकर यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि पीड़ित बच्चे कौन थे, उन्हें कहां प्रताड़ित किया गया और अपराध के पीछे कौन लोग हैं।



**आरोपियों के नाम और आरोप :** गिरफ्तार आरोपियों में 26 वर्षीय लैंडन जर्मनोटा-मिल्स को इस नेटवर्क का मुख्य संचालक बताया गया है। अन्य तीन आरोपी स्टुअर्ट वुड्स रिचेस (39), मार्क एंड्रयू सेनडेक्की (42) और बेनजामिन रेमंड ड्राइस्डेल (46) हैं। चारों पर ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री फैलाने के आरोप लगे हैं। जर्मनोटा-मिल्स पर बेस्टियालिटी सामग्री फैलाने और अपने पास रखने का अतिरिक्त आरोप भी लगाया गया है। अदालत ने चारों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है और वे अब जनवरी के अंत में अगली सुनवाई के लिए पेश होंगे।

**पीड़ितों की पहचान में जुटी पुलिस :** पुलिस ने कहा कि अभी तक किसी भी पीड़ित की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से जांच तेजी से जारी है। अधिकारी जेन डोहर्टी का कहना है कि यह मामला बेहद संवेदनशील है और पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि यह अपराध संगठित तरीके से चलाया जा रहा था और सामग्री को एन्क्रिप्टेड माध्यमों के जरिए साझा किया जाता था, ताकि पहचान छुपी रहे। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ते ही कई और खुलासे हो सकते हैं।

# रायपुर में 'किंग कोहली' का जलवा, 53वें शतक से रचा इतिहास, गायकवाड़ ने भी दिखाया दम



**रांची (एजेंसी)।** विराट कोहली ने बुधवार को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे वनडे के दौरान अपना 53वां वनडे शतक लगाया। यह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लगातार दूसरा शतक भी था। पहले वनडे में, कोहली ने रांची में भारत की 17 रनों की जीत में 120 गेंदों पर 11 चौकों और सात छक्कों की मदद से 135 रन बनाए थे।

37 वर्षीय दिग्गज बल्लेबाज ने 90 गेंदों में अपना 53वां वनडे शतक पूरा किया। कुल मिलाकर, यह भारतीय महान का 84वां अंतरराष्ट्रीय शतक था। वह सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय शतकों के मामले में महान सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं। तेंदुलकर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक हैं। उन्होंने रुतुराज गायकवाड़ के साथ चौथे विकेट के लिए 195 रनों की शानदार साझेदारी की। रुतुराज गायकवाड़ ने भी अपना पहला वनडे शतक जड़ा। रायपुर में इस स्टार बल्लेबाज़ ने 77 गेंदों में शतक पूरा किया।

उन्होंने 83 गेंदों पर 105 रन बनाकर अपना पहला वनडे शतक जड़ा। कोहली की तरह, गायकवाड़ ने भी स्ट्राइक रेट से समझौता नहीं किया और बीच में कुछ बेहतरीन शॉट खेले। मैच के 36वें ओवर में मार्को जेनसन ने उन्हें आउट कर दिया। गौरतलब है कि दोनों ने 195 रनों की साझेदारी की, जिससे भारत दूसरे वनडे में बढ़त बना पाया। वे बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे और इसी के लिए केएल राहुल को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतारा गया है।

कोहली ने 93 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 102 रन बनाए। इससे पहले, यशस्वी जायसवाल (22) और रोहित शर्मा (14) सस्ते में आउट हो गए। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बावुमा और महाराज को पहले मैच में आराम दिया गया था, लेकिन इस मैच में दोनों की वापसी हुई है।

## हार्दिक टी20 में 300 छक्के लगाने वाले धोनी के बाद दूसरे खिलाड़ी बने



**मुम्बई (एजेंसी)।** अनुभवी ऑलराउंडर पांड्या ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया। हार्दिक ने पंजाब के खिलाफ एलीट ग्रुप सी मैच में अपनी 42 रनों की पारी में चार छक्के लगाने के साथ ही टी20 क्रिकेट में अपनी 300 छक्के पूरे कर लिए। इसी के साथ ही हार्दिक भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के बाद ये उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरी खिलाड़ी बन गये हैं। यह उपलब्धि हार्दिक की पावर-हिटिंग क्षमता और लगातार सुधारते प्रदर्शन को दर्शाती है।

हार्दिक बड़ौदा की ओ से इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। पंजाब के खिलाफ मैच में पहला छक्का लगाते ही उनके 300 छक्के पूरे हो गये। हार्दिक का यह प्रदर्शन दिखाता है कि अब वह फिट हो गये हैं। हार्दिक अब भारत के दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने टी20 क्रिकेट में बिना एक भी शतक लगाए 300 या उससे अधिक छक्के लगाए हैं। उनका टी20 करियर का सर्वोच्च स्कोर 91 रन है, और अब तक वे 268 पारियों और 309 मैचों में कुल 303 छक्के उनके नाम हैं। यह उपलब्धि बताती है कि हार्दिक सिर्फ एक ऑलराउंडर नहीं, बल्कि एक दमदार फिनिशर और पावर-हिटर भी हैं। वही धोनी ने 355 टी20 पारियों में बिना शतक लगाए 350 छक्के लगाए थे।

## आईपीएल 2026 नीलामी : इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर पर होगी पैसों की बारिश, बन सकते हैं सबसे महंगे खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** IPL 2026 के मिनी ऑक्शन से ठीक पहले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन सबसे चर्चित नामों में शामिल हो गए हैं। माना जा रहा है कि इस बार वह ऑक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ियों में से एक बन सकते हैं। टीम इंडिया के सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी भविष्यवाणी की है कि ग्रीन इस सीजन में बड़ी बोली हासिल कर सकते हैं।

### अश्विन ने बताया ग्रीन को 'जैकपॉट खिलाड़ी'

अश्विन के अनुसार, इस साल आंद्रे रस्सेल और ग्लेन मैक्सवेल जैसे विस्फोटक विदेशी ऑलराउंडर उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में फ्रेंचाइजियां तेज गेंदबाजी करने वाले और मिडिल ऑर्डर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी की तलाश में सीधे कैमरन ग्रीन पर नजरें टिकाएंगी। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'कैमरन ग्रीन को कह दो कि सिडनी हार्बर के पास 4-5 एकड़ जमीन बुक कर लें। इस बार ऑक्शन में न रस्सेल हैं, न मैक्सवेल। ऐसे में ग्रीन और लियाम लिविंगस्टोन दोनों के लिए बड़ा जैकपॉट तैयार है।'

### क्यों है ग्रीन की वैल्यू इतनी ज्यादा?

कैमरन ग्रीन इस समय दुनिया के सबसे 'कम्प्लीट' टी20 खिलाड़ियों में गिने जाते हैं- धाकड़ मिडिल-ऑर्डर हिटर, 140+ किमी/घं. की रफ्तार से गेंदबाजी, शानदार फील्डिंग, युवा और लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट। 2025 में उनके लगातार उत्कृष्ट टी20 प्रदर्शन ने उनके मूल्य को और बढ़ा दिया है। ग्रीन ने 40+ की औसत और तेज स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जो टी20 में बेहद दुर्लभ है।

### आईपीएल में अब तक का प्रदर्शन

सिर्फ दो सीजन में ही कैमरन ग्रीन ने अपना दम दिखा दिया है: 29 मैच, 707 रन, 1 शतक, 16 विकेट। ग्रीन ने प्रेशर सिचुएशन में भी मैच जिताने वाली पारियां खेली हैं और जरूरत के हिसाब से आक्रामक या एंकर दोनों भूमिकाएं निभाई हैं। यही वजह है कि कई टीमें उन्हें अपने 'ड्रीम साइनिंग' के रूप में देख रही हैं।

## हार्दिक पांड्या की वापसी, सूर्यकुमार यादव की कप्तानी: दक्षिण अफ्रीका टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया घोषित



**मुम्बई (एजेंसी)।** बीसीसीआई की सीनियर पुरुष चयन समिति ने 9 दिसंबर से कटक में शुरू हो रही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20आई श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। सूर्यकुमार यादव टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, जबकि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20आई श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे, टीम में वापसी कर चुके हैं। पांड्या सितंबर में एशिया कप 2025 में श्रीलंका के खिलाफ भारत के सुपर फोर मुकाबले के बाद अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टी20आई खेलेंगे। पांड्या चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2025 के फाइनल और ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे से चूक गए थे।

हाल ही में, भारतीय ऑलराउंडर पांड्या ने मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा के लिए खेलते हुए अपनी फिटनेस साबित की। रिंकू सिंह, जो ऑस्ट्रेलिया के टी20आई के लिए टीम का हिस्सा थे, को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20आई श्रृंखला के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है। कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ के पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगने वाले शुभमन गिल को चोट के कारण दूसरे टेस्ट और तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर रहने के बाद टीम में शामिल किया गया है।

हालांकि, गिल को घरेलू मैदान पर प्रोटियाज के खिलाफ पांच मैचों की टी20आई सीरीज़ में भाग लेने के लिए बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से अपनी फिटनेस मंजूरी लेनी होगी। भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज़ का पहला टी20आई 9 दिसंबर को कटक में प्रोटियाज के खिलाफ खेलेगी। मुलनपुर 11 दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टी20आई की मेजबानी करेगा। तीसरा टी20आई 14 दिसंबर को धर्मशाला में और चौथा 17 दिसंबर को लखनऊ में खेला जाएगा। अहमदाबाद 19 दिसंबर को सीरीज़ के पांचवें और अंतिम मैच की मेजबानी करेगा। इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ में टीम इंडिया का 2-0 से सफाया कर दिया था। भारत तीन मैचों की वनडे सीरीज़ में 1-0 से आगे चल रहा है।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज़ के लिए भारतीय टीम:

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान)*, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर।

## भारतीय टीम ने 20 वीं बार टॉस हारने का रिकार्ड बनाया



रायपुर । भारतीय क्रिकेट टीम ने 20 वीं बार टॉस हारने का रिकार्ड बनाया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में भारतीय टीम के टॉस हारते ही ये नया रिकार्ड बना। भारतीय टीम के टॉस हारने का यह सिलसिला 2023 वर्ल्ड कप फाइनल से शुरू हुआ था और दो साल बाद भी नहीं टूटा है जबकि इस बीच कप्तान भी बदल गये हैं। कप्तान चाहे रोहित शर्मा हों, शुभमन गिल हों या केएल राहुल, टॉस लगातार हारते गये है। हैरानी की बात है कि टॉस 20 बार लगातार हारने की संभावना सिर्फ 0.00000095, यानी 10 लाख में एक मानी जा रही है। टॉस हारने के बाद मैच में कप्तानी कर रहे के एल राहुल ने मजाकिया लहजे में कहा, ईमानदारी से कहूं तो सबसे ज्यादा दबाव टॉस का ही है। हम काफी समय से टॉस नहीं जीते। मैं अभ्यास रहा हूं, लेकिन साफ है कि यह काम नहीं कर रही।

## केकेआर को खलेगी रसेल की कमी, बेहद प्रभावशाली रहे हैं आंकड़े



जैमैका । वेस्टइंडीज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल अब आईपीएल में खेलते नजर नहीं आयेंगे। रसेल आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से खेलते थे और उनके आंकड़े काफी प्रभावी रहे हैं। ऐसे में उनके नहीं होने की कमी टीम को खेलेगी। इसी कारण टीम के मालिक शाहरुख खान ने सोशल मीडिया पर लंबा और भावुक संदेश लिखकर उनकी सेवाओं को सलाम किया है। रसेल ने आईपीएल के 140 मुकाबलों की 115 पारियों में कुल 2651 रन बनाये हैं। इनका स्ट्राइक रेट 174.17 रहा है। उन्होंने 186 चौके, 223 छक्के लगाये हैं और गेंदबाजी के दौरान 123 विकेट लिए हैं। रसेल साल 2014 से ही केकेआर में शामिल रहे औार अपनी आक्रामक बल्लेबाज़ी व कसी हुई गेंदबाज़ी से मैच विजेता साबित हुए। 174.17 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट की बदलौत वह टी 20 के सबसे खतरनाक फिनिशर बने। उन्होंने अपने करियर में 12 अर्धशतक, 186 चौके और 223 छक्के लगाये। केवल बल्लेबाज़ी ही नहीं, गेंदबाज़ी में भी रसेल ने अपनी ताकत दिखायी। उन्होंने आईपीएल में कुल 123 विकेट हासिल किए और कई अवसरों पर टीम को परेशानी से निकाला। उनके इसी ऑलराउंड प्रदर्शन के कारण ही केकेआर की टीम में वह गेम-चेंजर के तौर पर भी जाने जाते हैं। रसेल अब केकेआर में पावर कोच के तौर पर दिखेंगे। इसी को देखते हुए शाहरुख ने कहा कि तुम हमेशा हमारे योद्धा रहोगे। अब पावर कोच के रूप में टीम के खिलाड़ियों को अपनी ताकत, अनुभव और सफलता के राज़ सिखाओ।

## ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच दिन-रात का दूसरा एशेज टेस्ट आज से



**गाबा (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच गुरुवार से यहां के गाबा मैदान में गुलाबी गेंद से शुरु होने वाले एशेज के दिन-रात के दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले टेस्ट में जीत के साथ ही सीरीज में 1-0 से आगे है। ऐसे में इंग्लैंड का लक्ष्य जीत दर्ज कर सीरीज बराबरी पर लाना रहेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच में सलामी बल्लेबाज अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा के फिट नहीं होने के कारण उनकी जगह पर विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस को शामिल कर सकती है। इंग्लिस अच्छे बल्लेबाज हैं औरा टीम के मध्य क्रम को मजबूती देंगे। वहीं ट्रैविस हेड और नये बल्लेबाज जेक वेदराल्ड पारी शुरु करेंगे। इस मैच में भी टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ के पास ही रहेगी। स्मिथ ने माना है कि ख्वाजा का नहीं होना टीम के लिए बड़ा झटका है पर उनका मानना है कि ख्वाजा जल्द वापसी के लिए मेहनत कर रहे हैं। स्मिथ ने यह भी जोड़ा कि गाबा टेस्ट के बाद ख्वाजा के भविष्य को लेकर चयनकर्ता फैसला लेंगे। हालांकि स्मिथ ने विश्वास जताया कि ख्वाजा अभी भी टीम के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम नई रणनीति और नए खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरेगी।

दूसरी ओर, इंग्लैंड की राह भी आसान नहीं है। तेज गेंदबाज मार्क वुड घुटने की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह ऑलराउंडर विल जैक्स को शामिल किया गया है, जिससे इंग्लैंड पिंक बॉल की परिस्थितियों में गेंदबाजी में विविधता लाने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड का लक्ष्य सीरीज को बराबरी पर लाना होगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया अपनी बढ़त को बनाये चाहेगी। गाबा की उछालभरी पिच पर इस मैच में एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

**ऑस्ट्रेलिया टीम:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), ब्रेंडन डॉगेट, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, माइकल नेसर, मिचेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, ब्यू वेबस्टर।

**इंग्लैंड टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

## जूनियर विश्व कप हॉकी 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय टीम, शुक्रवार को बेल्जियम से खेलेगी

चेन्नई । भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर विश्व कप 2025 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। यहां भारतीय हॉकी टीम का सामना बेल्जियम से होगा इससे पहले भारतीय टीम ने राउंड रॉबिन लीग स्तर में स्विट्जरलैंड पर 5-0 से जीत दर्ज करने के साथ ही अपने अब तक के सभी मुकाबले जीत लिए। अब भारतीय टीम का सामना 5 दिसंबर को बेल्जियम से होगा। वहीं इससे पहले हुए मुकाबलों में भारतीय टीम ने चिली को 7-0 से जबकि ओमान को 17-0 से हराया। स्विट्जरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम ने शुरुआत में ही गोल दाग दिया। मनमीत सिंह ने दूसरे ही मिनट में एक गोल कर भारतीय टीम को बढ़त दिलायी। उन्होंने 11वें मिनट में एक और शानदार मैदानी गोल कर इस बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद शारदा नंद तिवारी ने 13वें मिनट में एक गोल कर टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। वहीं 28वें मिनट अर्शदीप सिंह ने गोल दागते हुए भारत को 4-0 से आगे कर दिया। अर्शदीप ने इससे पहले ओमान के खिलाफ हैट्रिक लगाई थी। स्विट्जरलैंड की टीम ने भी हमले किये जिसे भारतीय रक्षापंक्ति और गोलकीपर ने विफल कर दिया। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे क्वार्टर में भी अपनी लय बरकरार रखी। शारदा नंद ने मुकाबले के 54वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर के जरिए अपना दूसरा गोल किया। इसी के साथ भारतीय टीम ने 5-0 से बढ़त हासिल कर ली। वहीं एक अन्य मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने कोरिया को 3-1 से हराया, जबकि इंग्लैंड ने मलेशिया को भी इसी अंतर से पराजित किया।

## बेहतर ऑलराउंडर बनकर उभरे हैं यानसन



रांची । ऑलराउंड मार्को यानसन अपने प्रदर्शन से अब दक्षिण अफ्रीका के एक प्रमुख खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। कुछ समय पहले वह एक गेंदबाज के तौर पर टीम में आये थे पर अब वह टीम के लिए जरुरत के अनुसार रन भी बना रहे हैं। यानसन अपनी तेज उछाल वाली गेंदों से विरोधी बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर देते हैं। फुल लेंथ गेंद और बेहतर नियंत्रण से उनकी गेंदों की धार और बढ़ती है। यानसन अब केवल निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं रहे। अब वह बेहतर बल्लेबाजी करके टीम को कठिन हालात से बाहर निकालने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। यानसन ने कहा, 'जब शीर्ष पांच बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में हों तब मैदान पर उतरना अच्छा लगता है। मेरी नजर केवल गेंद पर होती है और मैं उसी के अनुसार बल्लेबाजी करता हूं। अभी मेरी यह रणनीति कारगर साबित हो रही है। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था। उसमें उन्होंनेनौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 91 गेंदों में 93 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को संकट से बाहर निकाला था। यानसन ने इस तरह की आक्रामक पारी पहले भी खेली हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में 59 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को संभाला था। ऐसे समय में जबकि सीमित ओवरों के क्रिकेट में छोटी-छोटी पारियों का महत्व बढ़ता जा रहा है तब उन्होंने दिखाया कि वह दक्षिण अफ्रीका के लिए कितने उपयोगी हैं।

## गुलाबी गेंद वाले प्रारुप के नाकाम होने के कारण सामने आये, ऑस्ट्रेलिया तक ही सीमित रह गये हैं ये मुकाबले

ब्रिस्बेन । यहां ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच गुरुवार को गुलाबी गेंद से दिन रात का टेस्ट मैच शुरु होगा। ये गुलाबी गेंद से 24 वां मैच होगा। गुलाबी गेंद से मैच की शुरुआत साल 2015 से हुई थी और तब लग रहा था कि खेल में एक नयापन आयेगा पर ऐसा नहीं हो पाया। एक दशक के बाद भी अब तक काफी कम मैच हुए है। जो हुए हैं उनमें से अधिकतर ऑस्ट्रेलिया में हुए हैं। अन्य देशों में से सफल नहीं रहे हैं। इसके पीछे कई कारण रहे हैं। इसी को लेकर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में इवेंट्स और ऑपरेशंस के



एग्जीक्यूटिव जनरल मैनेजर जोएल मॉरिसन ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में दिन-रात का प्रारुप इसलिए सफल रहो क्योंकि गर्मियों में मौसम बहुत अच्छा होता है। वहीं विश्व स्तर के स्टेडियम और सुविधाएं यहां हैं। फ्लड लाइटिंग भी बहुत अच्छी होती है। इसके अलावा इस प्रारुप की सफलता के लिए कई अन्य उपाय भी किये गये हैं जिससे गुलाबी गेंद के मुकाबले हालात के अनुरुप हों। पिछले कुछ सालों में यह बात सामने आयी है कि दिन-रात मैच के लिए आदर्श स्थल तैयार करना आसान नहीं होता है। इसके लिए आपको कुछ खास तरह के बदलावों की जरुरत होती है। इनमें ओस का कम असर, ऐसी पिच जो गुलाबी गेंद को लंबे समय तक सहायता करें बनानी होती है। ओस को देखते हुए पिच कुछ सख्त बनायी जाती है पर ऐसी भी नहीं कि हालात खेलने लायक न रहें। वहीं इंग्लैंड में मौसम की समस्या है, जबकि भारत में ओस से परेशानी है। दक्षिण अफ्रीका में एक गुलाबी गेंद से मैच खेला गया था पर वहां लाइट्स की समस्या होती है। श्रीलंका में फ्लडलाइट्स नहीं हैं जबकि पाकिस्तान में अभी तक इसका आयोजन नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज भी सही स्थल नहीं साबित हुए हैं। हालांकि इस प्रारुप की शुरुआत धमाकेदार रही थी। एक दशक पहले 27 नवंबर 2015 को मार्टिन गप्टिल ने एडिलेड में मिचेल स्टार्क की पहली गेंद का सामना किया था। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया, ये मैच काफी मनोरंजक तो था पर इसमें कुछ विवाद भी हुए, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट से जीता। बहुत सारे दर्शक मैच देखने के लिए आए। टीवी रेटिंग्स भी दमदार थी पर इसके बाद भी ये प्रारुप अधिक विकास नहीं कर पाया और ऑस्ट्रेलिया का ही होकर रह गया है।

## विराट कोहली घरेलू क्रिकेट में धमाकेदार वापसी के लिए तैयार, ऋषभ पंत भी दिल्ली के लिए खेलेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए अच्छी खबर यह है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली दोनों ने आगामी विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में खेलने की पुष्टि कर दी है। यह फैसला न केवल घरेलू क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि दिल्ली की टीम को भी बड़ा फायदा देगा। पंत लगभग सात साल बाद इस टूर्नामेंट में वापसी करेंगे, जबकि कोहली 14 साल बाद फिर से दिल्ली की ओर से लिस्ट-ए मुकाबले खेलते नजर आएंगे। दोनों के खेलने से दिल्ली का बल्लेबाजी क्रम पहले से कहीं अधिक मजबूत होगा।

### ऋषभ पंत की धमाकेदार वापसी तय

सूत्रों के अनुसार, ऋषभ पंत ने DDCA को अपनी उपलब्धता की औपचारिक पुष्टि कर दी है। 2018 के बाद पहली बार पंत विजय हजारे ट्रॉफी में दिखाई देंगे। पंत ने 2015 से अब तक दिल्ली के लिए 19 लिस्ट-ए मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 531 रन बनाए। उनकी पारी में एक शतक, दो अर्धशतक और 109.48 का बेहतरीन स्ट्राइक रेट शामिल है। पंत की वापसी खास इसलिए भी है क्योंकि उनकी आक्रामक बैटिंग शैली दिल्ली के लिए मैच-विनिंग साबित हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने 31 ODI मुकाबलों में 871 रन बनाए हैं, जिसमें एक शानदार सेंचुरी और पांच फिफ्टी शामिल हैं। उनकी फिटनेस और फॉर्म को देखते हुए दिल्ली के लिए यह एक बड़ा प्लस पॉइंट है।

### विराट कोहली भी विजय हजारे ट्रॉफी में उतरने को तैयार

35 वर्षीय भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने भी DDCA को टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता का भरोसा दिला दिया है। कोहली अब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और ODI फार्मेट में विशेषज्ञ बल्लेबाज की भूमिका निभा रहे हैं। 2010 के बाद यह पहला मौका होगा जब कोहली विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली की जर्सी पहनकर उतरेंगे। 2010 में खेले गए पांच मैचों में कोहली ने 45.80 की औसत से 229 रन बनाए थे और दो अर्धशतक भी लगाए थे। उनकी मौजूदा फॉर्म शानदार है और वह घरेलू गेंदबाजों पर हावी होते नजर आ सकते हैं। कोहली कर्नाटक के मैदानों पर दिल्ली के मुकाबलों में हिस्सा लेंगे, क्योंकि इस बार दिल्ली के कोटे में कोई होम ग्रुप मैच नहीं है।

### दिल्ली के अभियान को मिलेगा बड़ा फायदा



पंत और कोहली के आने से दिल्ली का लाइन-अप बेहद प्रभावशाली हो जाएगा। दोनों खिलाड़ी बड़े मैचों में टीम का मोमेंटम बदलने की क्षमता रखते हैं। उनकी मौजूदगी युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक होगी और टीम संयोजन को भी संतुलित बनाएगी। विजय हजारे ट्रॉफी के सभी ग्रुप स्टेज मुकाबले 8 जनवरी तक खत्म हो जाएंगे, जिससे पंत और कोहली दोनों के पास अंतरराष्ट्रीय शेड्यूल से पहले पर्याप्त गेम टाइम मिलेगा। 11 जनवरी से भारत-न्यूज़ीलैंड की ODI सीरीज शुरू होगी, जहां कोहली को फिर एक्शन में देखा जा सकता है।

# बीएनसीएपी क्रैश टेस्ट में मारुति ई-विटारा ने किया धमाका..........5-स्टार सेफ्टी रेटिंग हासिल की

**मुंबई।**

भारत में गाड़ियों के लिए अब माइलेज के साथ सुरक्षा भी बड़ा मानदंड बन चुका है, और इसी बीच मारुति सुजुकी ने बड़ा कारनामा किया है। कंपनी की नई इलेक्ट्रिक एसयूवी 2025 मारुति ई-विटारा ने भारत एनसीएपी क्रैश टेस्ट में धमाकेदार 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग पाई है। यह मारुति की चौथी कार है, जिसने बीएनसीएपी में इतनी शानदार रेटिंग हासिल की है। इसके पहले डिज़ायर, विक्टोरिस और इनविक्टो भी फुल 5-स्टार रेटिंग ले चुकी हैं।

हालांकि दिलचस्प बात यह है कि यूरो एनसीएपी टेस्ट में यही ई-विटारा 4-स्टार स्कोर पर रुकी थी, लेकिन भारत में हुए क्रैश टेस्ट में ई-विटारा ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है। एडल्ट ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन (एओपी) में एसयूवी ने 32 में से 31.49 और चाइल्ड ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन (सीओपी) में 49 में से 43 अंक हासिल किए।

64 किमी/घंटा की स्पीड पर किए गए फ्रंटल ऑफसेट टेस्ट में ई-विटारा को 16 में से 15.49, जबकि 50 किमी/घंटा पर साइड इम्पैक्ट टेस्ट में 16/16 स्कोर किया। डायनामिक टेस्ट में बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कोर 24/24 रहा, जिससे यह साबित होता है कि एसयूवी बच्चों और बड़ों दोनों को बेहतर सुरक्षा देती है।

सुरक्षा फीचर्स के हिसाब से ई-विटारा में 7 एयरबैग, लेवल-2 एडीएएस, 360-डिग्री कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक, ईएससी, आईएसओएफआईएक्स माउंट्स और पार्किंग



सेंसर जैसे फीचर्स से लैस हैं। अगस्त 2025 से इसका प्रोडक्शन गुजरात प्लांट में शुरू हो गया है और कीमत करीब 17 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रहने की उम्मीद है। लांच पर यह महिंद्रा बीई.6, हुंडई क्रेटा ईवी, एमजी जेएस ईवी और टाटा कर्व ईवी को कड़ी चुनौती देगी।

# ट्रंप के टैरिफ अटैक के कारण टूट रहा रुपया........90 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से नीचे

**नई दिल्ली।**

भारतीय रुपया बुधवार को 90 रुपये प्रति डॉलर के अहम मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे पहुंच गया। व्यापार और निवेश के लिए डॉलर का निकलना और कंपनियों द्वारा आगे की कमजोरी से बचाव (हेजिंग) की होड़ ने मुद्रा पर दबाव बनाया है और इस तरह आठ महीने से जारी गिरावट को बढ़ा दिया है। रुपया इस साल अब तक डॉलर के मुकाबले 5 प्रतिशत गिरकर एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं बन गया है। भारत के सबसे बड़े बाजार अमेरिका द्वारा भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत तक के उच्च शुल्क (टैरिफ) के कारण निर्यात प्रभावित हुआ है, इससे विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय शेयरों का आकर्षण कम हुआ है।

वैश्विक स्तर पर पोर्टफोलियो निवेश बहिर्वाह (पैसे की निकासी) से सबसे ज्यादा प्रभावित बाजारों में भारत शामिल है।

इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों में करीब 17 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री की है। पोर्टफोलियो निवेश में कमजोरी के साथ ही प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में भी मंदी आई है, जिससे दबाव और बढ़ा है।

हाई अमेरिकी टैरिफ और सोने के आयात में तेज उछाल ने अक्टूबर में भारत का व्यापार घाटा (मर्चेंडाइज ट्रेड डेफिसिट) रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचाया है। साथ ही, घरेलू कंपनियों के विदेशी कर्ज और बैंकों में गैर-निवासी भारतीयों (एनआरआई) के जमा खातों से होने वाली डॉलर आपूर्ति भी कम हुई है।

बैंकरों और व्यापारियों का कहना है कि रुपये में गिरावट के हर चरण ने, विशेष रूप से आयातकों की तरफ से, ताजा डॉलर मांग पैदा की है, जबकि निर्यातक डॉलर बेचने से अभी भी हिचकिचा रहे हैं। सार्थक पूंजी प्रवाह के अभाव में यह असंतुलन रुपये को असुरक्षित छोड़ रहा है।

हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रुपये में गिरावट की रफ्तार धीमी करने के लिए बीच-बीच में हस्तक्षेप किया है, लेकिन बैंकरों का मानना है कि डॉलर की मांग का पैमाना और उसकी निरंतरता मुद्रा पर दबाव बनाए हुए है। आरबीआई के रुपये को सहारा देने के प्रयास विदेशी मुद्रा भंडार में कमी और फॉरवर्ड बाजार में शॉर्ट डॉलर पोजीशन के 5 महीने के उच्च स्तर (63.4 अरब डॉलर) पर पहुंचने में परिलक्षित होते हैं।

# अडाणी एयरपोर्ट कारोबार को शेयर बाजार में लिस्ट करने की तैयारी में

## कंपनी करीब 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए का बड़ा निवेश करेगी



**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप अगले पांच साल में अपने सभी एयरपोर्ट पर यात्री क्षमता बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। कंपनी करीब 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए का बड़ा निवेश करेगी। इस निवेश के बाद अडाणी समूह के एयरपोर्ट हर साल 200 मिलियन यानी 20 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेंगे। यह कदम इसलिए भी अहम माना जा रहा है कि भारत में हवाई यात्रा बहुत तेजी से बढ़ रही है और कंपनी अपने एयरपोर्ट कारोबार को शेयर बाजार में लिस्ट करने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अडाणी ग्रुप नवी मुंबई एयरपोर्ट में बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। यह एयरपोर्ट 25 दिसंबर को शुरू हो सकता है। यहां नए यात्री टर्मिनल बनाए जा रहे हैं, टैक्सीवे को बढ़ाया जाएगा और एक नई रनवे भी बनाई जाएगी ताकि ज्यादा उड़ानों को सुरक्षित तरीके से संचालित किया जा सके। इसके साथ ही कंपनी अहमदाबाद, जयपुर, तिरुवनंतपुरम, लखनऊ और गुवाहाटी एयरपोर्ट की क्षमता भी बढ़ाएगी। इन एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए और बेहतर सुविधाएं, ज्यादा स्पेस और सुचारू संचालन के लिए जरूरी ढांचे में सुधार किए जाएंगे। इस पूरे विस्तार प्रोजेक्ट के लिए जो 15 बिलियन डॉलर की राशि चाहिए, उसमें से करीब 70 फीसदी पैसा कर्ज के रूप में जुटाया जाएगा। कंपनी यह कर्ज अगले पांच साल के दौरान लेगी। बाकी का पैसा कंपनी अपनी ओर से लगाएगी जिसे इक्विटी कहा जाता है। इस तरह बड़े पैमाने पर स्ट्रक्चर सुधार का खर्च पूरा किया जाएगा। भारत में अगले वर्षों में हवाई यात्रा काफी तेजी से बढ़ने वाली है। उम्मीद है कि 2030 तक देश में हर साल 300 मिलियन यानी तीस करोड़ लोग उड़ान भरेंगे। अडाणी ग्रुप अपनी क्षमता को 200 मिलियन तक बढ़ाकर इस पूरे विकास में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। इससे कंपनी की पकड़ भारतीय विमानन बाजार पर मजबूत होगी और उसकी एयरपोर्ट यूनिट का आईपीओ और भी आकर्षक बन जाएगा। इस बड़े प्लान में नवी मुंबई एयरपोर्ट की 20 मिलियन यात्रियों की क्षमता और गुवाहाटी एयरपोर्ट की 11 मिलियन क्षमता शामिल नहीं है। मतलब ये दोनों एयरपोर्ट पहले से अलग गिने गए हैं, और जो नया विस्तार हो रहा है वह इस अलग हट कर है।

# आम आदमी को आरबीआई दे सकती है राहत, बैठक में रेपो रेट पर होगा फैसला

## 5 दिसंबर को आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा फैसला सुनाएंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक बुधवार से शुरू हो गई है और ये बैठक 5 दिसंबर चलेगी। छह सदस्यों वाली इस समिति की अध्यक्षता नए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा कर रहे हैं। इस बैठक में रेपो रेट, बाजार में पैसे की स्थिति आने वाले समय में महंगाई का अनुमान और देश की आर्थिक वृद्धि के लक्ष्य पर फैसला लेंगे और इसके बारे में 5 दिसंबर को आरबीआई गवर्नर फैसला सुनाएंगे। अगर इस बार रेपो रेट कम होता है तो इससे आम आदमी की जेब पर बोझ घट जाएगा। अक्टूबर वाली एमपीसी बैठक में आरबीआई की समिति ने रेपो रेट को 5.5फीसदी पर ही रखने का फैसला किया था यानी कोई बदलाव नहीं हुआ था। गवर्नर ने कहा कि महंगाई काफी कम हो गई है, इसलिए समिति को भरोसा है कि रेट अभी ऐसे ही रखना सही रहेगा। मतलब अक्टूबर में लोन की ईएमआई और कर्ज की किस्तों में फिलहाल कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ। पिछली बैठक में आरबीआई ने इस वित्त वर्ष के लिए महंगाई का लक्ष्य अनुमान घटाकर सिर्फ 2.6फीसदी कर दिया था, जो पहले 3.1फीसदी था यानी महंगाई पहले के हिसाब से काफी कम रहने वाली है। अगस्त की बैठक में भी अनुमान 3.7 फीसदी से घटाकर 3.1फीसदी किया गया था। मतलब लगातार महंगाई के आंकड़े नीचे आ रहे हैं, जिससे आम आदमी को चीजों के दाम बढ़ने की कम चिंता होगी और ब्याज दरें भी जल्दी कम होने की उम्मीद है। एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर की आरबीआई मौद्रिक नीति बैठक पर सबसे बड़ा असर महंगाई के बहुत तेज़ी से नीचे आने का है। घरेलू हालात अभी भी मजबूत हैं, लेकिन अमेरिका ने भारत के सामान पर 50फीसदी तक टैरिफ लगा रखा है और ट्रेड डील पर अभी भी बात चल रही है, ये बड़ी चिंता की बात है यानी अंदर से सब ठीक दिख रहा है, लेकिन बाहर का दबाव रेपो रेट घटाने के फैसले को प्रभावित कर सकता है।

# एपिस इंडिया के शेयरधारकों की बल्ले-बल्ले......... हर 1 शेयर पर 24 फ्री शेयर देगी

## एपिस इंडिया ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट 5 दिसंबर 2025 तय

**मुंबई ।**

मल्टीबैगर कंपनी एपिस इंडिया अपने शेयरधारकों को बड़ा तोहफा देने वाली है। एफएमसीजी कंपनी एपिस इंडिया अपने शेयरधारकों को 24:1 के रेशियो में बोनस शेयर बांटने वाली है। यानी, कंपनी हर 1 शेयर पर 24 फ्री शेयर बांटेगी। एपिस इंडिया ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट 5 दिसंबर 2025 तय की है। कंपनी अपने निवेशकों को दूसरी बार बोनस शेयर का तोहफा दे रही है। एपिस इंडिया के शेयरों में पिछले कुछ साल में तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर 5500 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए हैं। मल्टीबैगर कंपनी एपिस इंडिया के शेयर 5593 प्रतिशत उछल गए हैं। कंपनी के शेयर 13 अक्टूबर 2022 को 20.25 रुपये पर थे।

एपिस इंडिया के शेयर 1 दिसंबर 2025 को बीएसई में 1152.75 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 3 साल में कंपनी के शेयरों में 4376 प्रतिशत की जोरदार तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले दो साल में एपिस इंडिया के शेयर 1303 प्रतिशत उछल गए हैं। इस साल 11 अप्रैल के बाद से कंपनी के शेयरों में 311 प्रतिशत की तेजी आई है। एपिस इंडिया के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1152.75 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 280.40 रुपये है। एपिस इंडिया अपने शेयरधारकों को पहले भी बोनस शेयर का तोहफा दे चुकी है।

कंपनी ने दिसंबर 2010 में अपने निवेशकों को 323:100 के अनुपात में बोनस शेयर दिए थे। यानी, कंपनी ने हर 100 शेयर पर 323 बोनस शेयर बांटे थे। कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 74.72 प्रतिशत है, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 25.28 पर्सेंट है। एपिस इंडिया का मार्केट कैप 635 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

## रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा



**नई दिल्ली ।** भारतीय रुपया बुधवार को 25 पैसे की गिरावट के साथ ही अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 90.19 पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आज पहली बार 90 रुपये के स्तर के ऊपर पहुंच गया। आज शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे नीचे आकर 90.05 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर फिसल गया। इससे वह और कमजोर हुआ है। अमेरिका के साथ व्यापार और पोर्टफोलियो में आई कमजोरी के साथ ही कारोबारी करार नहीं होने से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। इससे पहले मंगलवार को रुपया इंट्रा-डे कारोबार में 89.94 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा और नियमित स्पॉट ट्रेडिंग के बाद इंटरबैंक ऑर्डर-मैचिंग प्लेटफॉर्म पर 90 प्रति डॉलर के स्तर से भी आगे निकल गया। भारतीय रिजर्व बैंक पांचवें कारोबारी सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया नीचे आया है।



## 17 को व्यापारिक सम्मेलन में हजारों व्यापारियों को संबोधित करेंगी सीएम ममता

**-सरकार चुनाव से पहले छोटे व्यवसायों व सभी वर्गों से समर्थन हासिल करना चाहती है**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी 17 दिसंबर को व्यापारिक सम्मेलन 2025 में 12,000 से ज्यादा व्यापारियों को संबोधित कर सकती हैं। उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए 18 दिसंबर को एक व्यापार बैठक निर्धारित की गई है। यह व्यवसायी सम्मेलन 2025 इसलिए अहम है क्योंकि राज्य सरकार 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले छोटे व्यवसायों समेत सभी वर्गों से समर्थन हासिल करना चाहती है। पश्चिम बंगाल व्यापार संघ परिसंघ (सीडब्ल्यूबीटीए) के अध्यक्ष ने कहा कि इस कार्यक्रम में ममता बनर्जी मुख्य अतिथि होंगी। यह सीएम को हजारों छोटे व्यापारियों से जुड़ने का मंच प्रदान करेगा जो बंगाल की आपूर्ति श्रृंखला की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारी पश्चिम बंगाल में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से एक करोड़ से ज्यादा लोगों के लिए आजीविका के अवसर पैदा करते हैं। हमें उम्मीद है कि सीएम ममता व्यापार को आसान बनाने और जमीनी स्तर की चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्राथमिकताएं तय करेंगी। इस कार्यक्रम में प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों और सीमावर्ती व्यापार केंद्रों समेत सभी 23 जिलों के प्रतिनिधिमंडलों के शामिल होने की उम्मीद है।

## एसबीआई बैंक के शेयरों में 2025 की शुरुआत से अब तक 25 फीसदी की बढ़त

**ब्रोकरेज का अनुमान एसबीआई शेयर में तेजी आगे भी जारी रह सकती है**

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों ने 2025 में निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक ने 2025 की शुरुआत से अब तक करीब 25 फीसदी की बढ़त दर्ज की है और इसने निफ्टी 50 इंडेक्स में शामिल प्राइवेट सेक्टर के सभी बैंकों को पीछे छोड़ दिया है। एसबीआई शेयर में तेजी पिछले कुछ सालों से जारी है। साल 2023 में इस शेयर में 5फीसदी का उछाल आया था तो 2024 इसने 23फीसदी रिटर्न दिया था। एसबीआई शेयर में तेजी आगे भी जारी रह सकती है, ऐसा ब्रोकरेज का अनुमान है। यही वजह है कि ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए, एचएसबीसी, एक्सिस सिके योरिटीज और नोमूरा ने एसबीआई शेयर को 'बाय' रेटिंग दी है। एसबीआई शेयर में आई तेजी की वजह बैंकिंग सेक्टर में मौलिक सुधार, आर्थिक स्थिरता और बेहतर क्रेडिट साइकल है। घरेलू और वैश्विक स्तर पर संस्थागत निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी भी एसबीआई की वैल्यूएशन को सपोर्ट कर रही है। बाजार जानकारों का कहना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत बने रहने, हाल में हुए जीएसटी स्लैब कटौती से उपभोक्ता खर्च में उछाल की संभावना और भारतीय रिजर्व बैंक का 2026 में जीडीपी ग्रोथ 6.8फीसदी और 2027 में 6.6 फीसदी रहने का अनुमान बैंकिंग सेक्टर के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार कर रहा है और इसका सबसे ज्यादा फायदा एसबीआई को होगा। फोर्ट कैपिटल के पराग ठक्कर का कहना है कि एसबीआई बैंक की 43 लाख करोड़ की लोन बुक भारत की कुल लोन बुक का करीब 23-24 फीसदी है, जबकि एसबीआई अभी भी 12-14फीसदी की गति से बढ़ रहा है और क्रेडिट कॉस्ट मात्र 50 बेसिस पॉइंट है।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 31.46 अंक टूटकर 85,106.81 अंकों पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 46.20 अंक फिसलकर 25,986.00 अंकों पर बंद हुआ। आज ज्यादातर कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। वहीं गत दिवस भी बाजार नीचे आया था।

बुधवार को सेंसेक्स की 30 में से केवल 10 कंपनियों के शेयरों में ही बढ़त रही। वहीं शेष सभी 20 कंपनियों के शेयर नीचे आये। इसी तरह निफ्टी की 50 में से केवल 13 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए जबकि बची हुई सभी 37 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टीसीएस के शेयर सबसे ज्यादा 1.41 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि बीईएल के शेयर आज सबसे ज्यादा 2.13 फीसदी नीचे आये।

सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज आईसीआईसीआई बैंक , एचडीएफसी बैंक , इंफोसिस, एक्सिस बैंक , टेक महिंद्रा , पावरग्रिड , एचसीएल टेक के शेयर बढ़त पर बंद हुए जबकि आज महिंद्रा एंड महिंद्रा , टाइटन , एनटीपीसी, एसबीआई , अडाणी पोर्ट्स 1.13 , टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स , बजाज फिनसर्व आदि के शेयर गिरावट पर बंद हुए। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुलने के बाद नीचे आये। सेंसेक्स हल्की तेजी के साथ ही 85,150 अंक पर खुला। खुलने के कुछ ही देर में इसमें गिरावट आने लगी। सुबह ये 197.27 अंक करीब 0.23 फीसदी फिसलकर 84,941 पर कारोबार कर रहा था।




वहीं दूसरी ओर निफ्टी सपाट रुख के साथ तकरीबन 26,004 अंक पर खुला। यह 26 हजार के स्तर से नीचे आया है। सुबह यह 57.85 अंक करीब 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ ही 25,974 पर कारोबार कर रहा था। ज्यादातर एशियाई बाजार बुधवार को हरे निशान पर थे। वॉल स्ट्रीट में टेक्नोलॉजी शेयरों में उछाल और क्रिप्टोकरेंसी में तेजी से एशियाई बाजारों पर भी दिखा। जापान का निक्केई 225 0.76 फीसदी बढ़ा। हालांकि व्यापक टॉपिक्स 0.31 फीसदी गिरा। दक्षिण कोरिया में कोस्पी 1.06 फीसदी ऊपर आया जबकि ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी/एएसएक्स में 200 0.32 फिसदी मजबूती आई।अमेरिकी स्टॉक फ्यूचर्स एशिया के शुरुआती कारोबार में स्थिर रहे। प्रमुख अमेरिकी बेंचमार्क आज उछाल के बाद टिके रहे। डॉव 0.39 फीसदी बढ़ा, एसएंडपी 500 में 0.25 फीसदी की बढ़त हुई और नैस्डैक 0.59 फिसदी उछला।

## दिसंबर माह में कर लें टैक्स रिटर्न से लेकर पैन तक सभी काम, नहीं तो होंगे परेशान




**नई दिल्ली।** दिसंबर माह में कई अहम वित्तीय और टैक्स संबंधी तारीखें करीब आ गई हैं। इन पर ध्यान न दिया जाए तो बाद में दिक्कत हो सकती है। सीबीडीटी ने टैक्स ऑडिट केस वाले करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न फाइल करने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर 2025 से बढ़ाकर 10 दिसंबर 2025 की थी जो अब करीब आ रही है। यह उन करदाताओं के लिए राहत है जिनकी रिटर्न में ऑडिट और वित्तीय विवरण शामिल है। अगर आपने 1 अक्टूबर 2024 या उससे पहले आधार बनवाया था, तो इसे अपने पैन कार्ड के साथ लिंक करना 31 दिसंबर 2025 तक जरूरी है। लिंक न करने पर आपका पैन कार्ड अप्रचलित हो जाएगा और बैंकिंग, निवेश और आईटीआर फाइलिंग में परेशानी आएगी। विलंबित रिटर्न अगर आपने मूल समयसीमा मिस की थी, तो 31 दिसंबर तक फाइल कर सकते हैं। लेट फीस 5,000 तक (5 लाख रुपए से कम आय वालों के लिए 1,000 रुपए) और बकाया कर पर ब्याज देना होगा। संशोधित रिटर्न पहले फाइल किए गए रिटर्न में गलती सुधारने के लिए भी 31 दिसंबर तक मौका है। इसके बाद केवल अपडेटेड रिटर्न फाइल किया जा सकता है, जिसमें 25 फीसदी से 50फीसदी तक अतिरिक्त दंड लग सकता है। इसलिए दिसंबर 2025 अंतिम और सबसे किफायती मौका है रिटर्न सुधारने या विलंबित रिटर्न फाइल करने का।

# अमेरिका में की 18 ट्रिलियन डॉलर निवेश की घोषणा, महंगाई में आएगी कमी

## -ट्रंप का दावा- उनके कार्यकाल में अर्थव्यवस्था में अब तक का सबसे बड़ा सुधार हुआ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनके कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था में अब तक का सबसे बड़ा सुधार हुआ है। अमेरिका में अभी तक करीब 18 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के निवेश की नई घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने दावा किया कि महंगाई में कमी आ रही है और टैक्स को लेकर बड़े बदलाव हुए हैं। यह सब अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के पेशेवरों, कारोबारियों और टेक्नॉलॉजी क्षेत्र के लोगों के लिए खास महत्व रखता है। एक लम्बी कैबिनेट बैठक में ट्रंप ने पिछली सरकार की आर्थिक स्थिति की तुलना अपने कामकाज से की और कहा कि यह साल कई रिकॉर्ड तोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 10 महीने में 18 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के निवेश कमिटमेंट हासिल हुए हैं, जो इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। ट्रेजरी सेक्रेटरी ने कहा कि देश में कंपनियों और निवेशकों का पैसा तेजी से आ रहा है, जिससे कंपनियों का पूंजी खर्च करीब 15 फीसदी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के बड़े टैक्स सुधार जिसे ट्रंप ने ÷वन बिग, ब्यूटिफुल बिल÷ कहा है। उसके कारण कंपनियों को 100 फीसदी खर्च घटाने की सुविधा मिली है और टिप, ओवरटाइम और सोशल सिक्योरिटी पर टैक्स हटा दिया गया है। ट्रेजरी सेक्रेटरी के मुताबिक इससे आम अमेरिकियों की जेब में ज्यादा पैसा जाएगा और महंगाई से राहत मिलेगी। भारतीय-अमरीकी कारोबारी, इंजीनियर, आईटी विशेषज्ञ, छोटे मैन्युफैक्चरर और डॉक्टर अमेरिका के उच्च-कौशल क्षेत्रों में बड़ी संख्या में हैं। वे इन टैक्स सुधारों, नियमों में ढील और बड़े निवेश पर नजर रखे हुए हैं। कॉमर्स सेक्रेटरी ने उन बदलावों के बारे में बताया जो ऑटो, टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर और फार्मास्यूटिकल्स सहित उन इंडस्ट्रीज़ पर सीधे असर डाल सकते हैं जिनमें इंडियन अमेरिकन की अहम हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने वैश्विक व्यापार का नक्शा बदल दिया है और सेमीकंडक्टर उद्योग में 300 बिलियन डॉलर का निवेश घोषित हो चुका है, जो अगले 60 दिनों में 750 बिलियन डॉलर पहुंच सकता है।

## स्विगी अगले सप्ताह तक 10,000 करोड़ जुटने की तैयारी में




**मुंबई।** भारतीय फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी अगले सप्ताह तक संस्थागत निवेशकों से 10,000 करोड़ (करीब 1.1 अरब डॉलर) तक जुटाने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने बताया कि कंपनी फंड जुटाने की प्रक्रिया को जल्दी शुरू कर सकती है। स्विगी ने शेयर बेचने के इस कदम को संभालने के लिए तीन बड़े बैंकों को चुना है है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह निर्णय अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है, इसलिए सूत्रों ने अपना नाम गोपनीय रखने को कह दिया है। स्विगी के बोर्ड ने 7 नवंबर को यह योजना मंजूर की थी कि कंपनी क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के जरिए अधिकतम 10,000 करोड़ जुटाएगी। हालांकि सूत्रों का कहना है कि फंडिंग का सही समय और राशि में आगे बदलाव भी हो सकता है।

# अभी मैं सिंगल हूं, कॅरियर पर फोकस कर रही हूं: नोरा फतेही



अपने रिश्तों को लेकर उड रही अफवाहों पर बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही ने साफ कहा है कि वह पूरी तरह सिंगल हैं और अपने करियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, अतीत में उनका नाम कई सितारों के साथ जुड़ चुका है, जिनमें अभिनेता अंगद बेदी भी शामिल हैं। दोनों लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहे, लेकिन समय के साथ उनका रिश्ता टूट गया। अंगद बेदी और नोरा फतेही कुछ साल पहले एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। दोनों को कई इवेंट्स, पार्टियों और निजी मौकों पर साथ देखा गया था। उस समय अंगद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रहे थे, जबकि नोरा भी अपने करियर के बड़े मौके का इंतजार कर रही थीं। मीडिया में उनके रिश्ते की चर्चा खूब हुई, लेकिन दोनों ने इसे सार्वजनिक तौर पर स्वीकार करने से बचते रहे। साल 2018 में दोनों का रिश्ता खत्म हो गया और इसी साल अंगद बेदी ने अचानक अभिनेत्री नेहा धूपिया से शादी कर ली। उसी वर्ष दोनों बेटी मेहर के माता-पिता बने। वहीं, ब्रेकअप के बाद नोरा ने खुद को पूरी तरह काम में झोंक दिया और कुछ ही समय में बॉलीवुड की टॉप डांस परफॉर्मर्स में शामिल हो गईं। अंगद बेदी ने 2020 में दिए एक इंटरव्यू में नोरा के बारे में बात करते हुए कहा था कि वह एक प्यारी लड़की हैं और अपने करियर में शानदार काम कर रही हैं। उन्होंने नोरा की सफलता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दूसरी ओर, नोरा ने भी एक इंटरव्यू में अपनी लव लाइफ को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उनके एक्स-बॉयफ्रेंड ने उन्हें धोखा दिया था, हालांकि उन्होंने नाम बताने से इनकार कर दिया। नोरा के मुताबिक, धोखे की जानकारी होने के बावजूद उसे साबित करना मुश्किल था और उन्होंने उस दर्द को अपनी मेहनत में बदल दिया। नोरा का नाम पहले कोरियोग्राफर टेरेंस लुइस, सिंगर गुरु रंधावा और बिग बॉस फेम प्रिंस नरूला के साथ भी जोड़ा गया। हालांकि, इन मामलों में कभी सार्वजनिक पुष्टि नहीं हुई। नोरा ने हमेशा कहा है कि वह अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करती हैं। फिलहाल नोरा नए प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं और उनका पूरा ध्यान करियर पर है।

## मैंने कई बार बेहद अव्यावहारिक फैसले किए: आमिर खान

हाल ही में 56वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में एक खास सेशन के दौरान बालीवुड स्टार आमिर खान ने अपने सफर और स्टारडम को लेकर बेहद दिलचस्प बातें साझा कीं। आमिर ने कहा कि उन्हें आज तक समझ नहीं आता कि वह स्टार कैसे बन गए, क्योंकि करियर में उन्होंने ऐसे फैसले लिए जो परंपरागत फिल्मी नियमों के बिल्कुल खिलाफ थे। सेशन के दौरान आमिर ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैं स्टार कैसे बन गया। लॉजिक के हिसाब से देखा जाए, तो मुझे स्टार नहीं बनना चाहिए था। मैंने शुरुआत से ही हर नियम तोड़ दिया और कई बार बेहद अव्यावहारिक फैसले किए। इसलिए जब मुझे इतनी सफलता और सम्मान मिला, तो मुझे सच में लगता है कि यह मेरे लिए बेहद बड़ी बात है। मैंने जो भी काम किया, वह सफलता पाने के उद्देश्य से नहीं था, बल्कि इसलिए किया क्योंकि उस विषय और किरदार ने मुझे अंदर से उत्साहित किया।' आमिर ने बताया कि उन्होंने जिन फिल्मों को चुना, उनमें से ज़्यादातर जोखिम वाली थीं और उनके हिट होने की कोई गारंटी नहीं थी।



उन्होंने कहा, 卐लगभग हर फिल्म को लेकर मेरे मन में सवाल रहता था कि यह चलेगी या नहीं। जैसे 'सरफरोश', 'लगान', 'दिल चाहता है', 'तारे जमीन पर'—ये ऐसी फिल्में थीं जिनकी सफलता तय नहीं थी। 'लगान' और 'दिल चाहता है' अपने समय के लिए बेहद अलग थीं। वहीं 'तारे जमीन पर' जैसी कहानी पहले कभी बड़े पर्दे पर इस रूप में नहीं दिखाई गई थी। मैंने हमेशा अलग स्क्रिप्ट्स को चुना है, क्योंकि मैं खुद को दोहराना पसंद नहीं करता। मैं वही करता हूं जो मुझे दिल से अच्छा लगता है। यही मेरी शख्सियत है।' आमिर की हालिया फिल्म 'सितारे जमीन पर' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। यह उनकी 2007 की फिल्म 'तारे जमीन पर' का आध्यात्मिक सीक्वल मानी जाती है। फिल्म में जेनेलिया डिसूजा ने भी महत्वपूर्ण किरदार निभाया और दर्शकों से खूब सराहना हासिल की। 20 जून को रिलीज हुई इस फिल्म ने सुपरहिट होने का रिकॉर्ड बनाया। बता दें कि बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहलाने वाले आमिर खान अपने काम में बारीकी, समर्पण और संवेदनशीलता के लिए जाने जाते हैं। वह लंबे समय से भारतीय सिनेमा में एक अनोखे कलाकार के रूप में स्थापित हैं और अपने करियर में कई यादगार व ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके हैं।

## पृथ्वी गजल जैसी क्लासिकल शैली को आगे बढ़ाने काम कर रहे हैं: अनुपम खेर



अपने इंस्टाग्राम पर बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने एक दिलचस्प वीडियो शेयर किया। वीडियो में अनुपम खेर फ्लाइट में बैठे नजर आ रहे हैं, जहां उनकी मुलाकात मशहूर गजल गायक पृथ्वी गंधर्व से होती है। वीडियो में दोनों को गर्मजोशी के साथ एक-दूसरे का अभिवादन करते और बातचीत करते देखा जा सकता है।


वीडियो में अनुपम खेर बताते हैं कि यात्रा के दौरान मिलने वाली अनोखी मुलाकातें सबसे खास अनुभव होती हैं। वीडियो में अनुपम कहते हैं, 'फ्लाइट में सफर करने में अक्सर बड़ी-बड़ी हस्तियों से मुलाकात हो जाती है कभी शायर, लेखक, बिजनेसमैन और गायक। आज हमारे साथ मशहूर गजल गायक पृथ्वी गंधर्व जी बैठे हैं।' इस पोस्ट के साथ अभिनेता ने लिखा, 'खास मुलाकात : फ्लाइट में यात्रा करने का सबसे अच्छा यह होता है कि आपको अलग-अलग तरह के लोग मिलने का मौका मिलता है बिजनेस वाले, खाने-पीने के शौकीन, स्टाइलिश लोग, लेखक और बातूनी लोग।' अनुपम खेर ने पृथ्वी गंधर्व की तारीफ करते हुए कहा कि जहां आजकल अधिकतर गायक आधुनिक और प्रयोगात्मक संगीत की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं पृथ्वी गजल जैसी क्लासिकल शैली को आगे बढ़ाने का शानदार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'पृथ्वी से मिलकर खुशी हुई। मुझे गजलें हमेशा से पसंद हैं और पृथ्वी जी को गजलें गाते सुनना अद्भुत अनुभव रहा।' वीडियो के अंत में पृथ्वी गंधर्व, अनुपम के अनुरोध पर उनके पसंदीदा गजल गायक गुलाम अली साहब की मशहूर गजल गुनगुनाते हैं, जिससे पूरा वातावरण भावनात्मक और खुशनुमा हो जाता है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुपम ने लिखा, 'पृथ्वी ने मेरे पसंदीदा गुलाम अली साहब की एक खूबसूरत गजल भी गाई, जिसके लिए मैं उनका दिल से धन्यवाद करना चाहता हूं।' सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और प्रशंसक कमेंट्स में दोनों की तारीफ कर रहे हैं। कई यूजर्स ने लिखा कि अनुपम खेर का यह विनम्र स्वभाव और कला के प्रति सम्मान उन्हें अलग पहचान देता है। गौरतलब है कि पृथ्वी गंधर्व मनोरंजन जगत के एक प्रतिष्ठित नाम हैं और उन्होंने फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' में गायन से बॉलीवुड में प्रवेश किया था।

## जल्द देओल फैमिली से जुड़ेगी अनिशा पादुकोण

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और एक्टर सनी देओल का फिल्म इंडस्ट्री के कारण कनेक्शन तो है, लेकिन जल्द ही यह पहचान रिश्तेदारी में बदलने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका की बहन अनिशा पादुकोण जल्द ही रोहन आचार्य से शादी करने वाली हैं। दरअसल, रोहन आचार्य मशहूर फिल्ममेकर बिमल रॉय के परपोते हैं। उनकी मां चिमू आचार्य की बेटी दृशा आचार्य, सनी देओल के बड़े बेटे करण देओल की पत्नी हैं। ऐसे में अगर अनिशा पादुकोण रोहन आचार्य से शादी करती हैं, तो दीपिका और सनी देओल का रिश्ता ससुराल के जरिए बन जाएगा। इस शादी के जरिए बॉलीवुड की दो प्रमुख फैमिलीज़ का कनेक्शन बनना तय है, हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। दीपिका और उनके पति रणवीर सिंह हाल ही में दृशा आचार्य के दादा और बॉलीवुड लीजेंड धर्मेंद्र के अंतिम संस्कार में भी पहुंचे थे। अनिशा पादुकोण पेशे से प्रोफेशनल गोल्फर हैं और बैंगलुरू में अपने माता-पिता बैडमिंटन लीजेंड प्रकाश पादुकोण और उज्जला पादुकोण के साथ रहती हैं। इस शादी से बॉलीवुड और स्पोर्ट्स जगत में भी खास कनेक्शन देखने को मिलेगा।

## कार्तिक, सिर्फ अपना या अपने किरदार का नहीं, पूरी फिल्म का ख़याल रखते हैं : अनन्या पांडे

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे का कहना है कि अभिनेता कार्तिक आर्यन सिर्फ अपना या अपने किरदार का नहीं, बल्कि पूरी फिल्म का ख़याल रखते हैं। अनन्या पांडे ने अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के को-स्टार कार्तिक आर्यन की प्रोफेशनलिज़्म और सेट पर उनकी गर्मजोशी की खुलकर तारीफ़ की, और बताया कि उनके साथ काम करना हमेशा क्यों सुखद अनुभव होता है।



अनन्या ने कहा, 'मैं कार्तिक के आस-पास हमेशा बहुत कंफ़र्टेबल महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि वह सेट पर मेरा बहुत ध्यान रखते हैं, क्योंकि मुझे पता होता है कि वह सिर्फ़ अपने लिए नहीं, बल्कि अपने किरदार, अपनी टीम और फिल्म के साथ सबके लिए सोचते हैं।' अनन्या ने फिल्म के सेट पर बने मज़ेदार और सहयोगपूर्ण माहौल के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, कार्तिक से सीखने को बहुत कुछ मिलता है। माहौल हमेशा मज़ाकिया और हल्का-फुल्का रहता है। ज़्यादा गंभीरता नहीं होती, और हर कोई अपनी राय बेझिझक दे सकता है। सच कहूँ तो सात साल बाद भी उनके साथ काम करके वही खुशी महसूस हुई, जो पति पत्नी और वो के दौरान हुई थी।' अनन्या की बातें कार्तिक की अपने काम, अपनी टीम और पूरी फिल्म के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं और यही वजह है कि 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' प्रशंसकों के बीच पहले से ही बेहद चर्चा का विषय बन गई है।

## रेखा की स्टाइलिश अंदाज में एंट्री



फेमस फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपनी पहली फिल्म 'गुस्ताख इश्क' के प्रोड्यूसर के रूप में डेब्यू किया और इस मौके पर मुंबई में एक खास स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। इस इवेंट में बॉलीवुड के कई सितारे शामिल हुए, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित किया बॉलीवुड की सदाबहार एक्ट्रेस रेखा ने। रेखा ब्लैक कलर की खूबसूरत साड़ी में नजर आईं, जिस पर गोल्डन एम्ब्रॉयडरी का काम था। इसके साथ उन्होंने ब्लैक ओवरकोट कैरी किया, जिससे उनके लुक में एक मॉडर्न टच आया। उनका हाई बन हेयरस्टाइल, मांग में सिंदूर और ब्लैक शेड्स ने उनके ट्रेडिशनल और स्टाइलिश अंदाज को और निखारा। कंधे पर स्लिंग बैग और समर्पित पोज़ ने उनके लुक को पूरी तरह कंप्लीट किया। स्क्रीनिंग के दौरान रेखा मीडिया के कैमरों के सामने कई बार पोज देती दिखाई दीं। उनके स्टाइलिश और यूनिक लुक की फैंस ने सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ की। इस इवेंट में रेखा का ग्लैमरस अंदाज और सिग्नेचर स्वैग सभी का ध्यान खींचने में सफल रहा। 'गुस्ताख इश्क' की इस खास स्क्रीनिंग में रेखा की उपस्थिति ने शाम की शान बढ़ा दी और उनके फैशन सेंस की एक बार फिर तारीफ हुई।

## शाहरुख का निर्देशन करना मेरे बस की बात नहीं: राम गोपाल

बॉलीवुड के चर्चित निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने इंडस्ट्री के सबसे बड़े सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ उन्होंने कभी काम नहीं किया। वर्मा ने पहली बार खुलकर बताया कि दोनों का साथ क्यों नहीं हो पाया। बातचीत में राम गोपाल वर्मा ने कहा कि शाहरुख खान उनकी फिल्मों के टोन और स्टाइल में फिट नहीं बैठते। उन्होंने बताया, 卐शाहरुख खान का निर्देशन करना मेरे बस की बात नहीं है। मैं अपनी फिल्म 'कंपनी' में उन्हें कास्ट करना चाहता था, लेकिन उस फिल्म का किरदार मल्लिक बहुत शांत, गंभीर और कुछ आलसी स्वभाव का था। उस किरदार में हाई एनर्जी या चुलबुलापन बिल्कुल नहीं था, जबकि शाहरुख की पर्सनैलिटी ही एनर्जी से भरी रहती है। ऐसे रोल में उन्हें डालना गलत होता।' राम गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि शाहरुख खान एक पावरहाउस परफॉर्मर हैं और उनके फैन भी उन्हें उसी रूप में पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, 'शाहरुख लाइव वायर की तरह हैं। कैमरा चालू होते ही वो पूरी फ्रेम को कब्जे में ले लेते हैं। जब वो स्क्रीन पर होते हैं, तो निर्देशक के पास करने के लिए बहुत कम बचता है। वो सीन में इतनी ताकत डालते हैं कि बाकी सब पीछे रह जाता है।'



डायरेक्टर के अनुसार, उनकी फिल्मों का मूड बहुत कंपोज्ड, इंटेंस और साइलेंट पावर पर आधारित होता है, जबकि शाहरुख की एक्टिंग स्टाइल ज्यादा एक्सप्रेसिव और एनर्जेटिक है। वह कहते हैं, 'मेरी फिल्ममेकिंग स्टाइल और शाहरुख की स्क्रीन एनर्जी एक-दूसरे के विपरीत हैं। इसलिए इतने सालों में कभी साथ काम करने का मौका नहीं बना। अगर मैंने उन्हें अपनी फिल्मों में कास्ट किया होता, तो वह गलत विकल्प होता, क्योंकि उन्हें उनके नेचुरल फ्लो में देखा जाना चाहिए।卐 साथ ही उन्होंने शाहरुख की जमकर तारीफ़ करते हुए कहा कि उनका कद और प्रभाव इतना बड़ा है कि निर्देशक को उनके सामने बहुत सोच-समझकर चलना पड़ता है।

# '120 बहादुर' को राजस्थान में किया टैक्स फ्री

हाल ही में दिल्ली में टैक्स फ्री होने के बाद फरहान अख्तर की वॉर ड्रामा फिल्म '120 बहादुर' अब राजस्थान सरकार ने भी इसे करमुक्त घोषित कर दिया है। '120 बहादुर' को मिल रहा यह सम्मान फिल्म की लोकप्रियता और प्रभाव को दर्शाता है। सैनिकों के असाधारण साहस को सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ पेश किए जाने के कारण फिल्म को मीडिया और सेलेब्रिटीज की ओर से भी शानदार समीक्षाएं मिल रही हैं। थिएटरों में इसकी रिलीज के तुरंत बाद से ही यह फिल्म देश भर में चर्चा का विषय बन चुकी है, और टैक्स फ्री होने से उम्मीद है कि अधिक लोग इसे देखने थिएटर पहुंचेंगे।

फिल्म की कहानी 13 कुमाऊं रेजिमेंट के 120 जांबाज सैनिकों पर आधारित है, जिन्होंने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की प्रतिष्ठित लड़ाई में अद्वितीय बहादुरी दिखाई थी। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे इन सैनिकों ने कठिन परिस्थितियों और दुश्मन की भारी संख्या के बावजूद पीछे हटने से इनकार किया। अपने देश के लिए अंतिम सांस तक लड़ने वाले इन वीरों की गाथा आज भी भारतीय सेना के इतिहास का सबसे प्रेरणादायक अध्याय मानी जाती है। फरहान अख्तर ने इस फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी, पीवीसी, की दमदार भूमिका निभाई है। शहीद मेजर शैतान सिंह को रेजांग ला युद्ध में अतुलनीय वीरता के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र प्रदान किया गया था। फिल्म का केंद्रीय संवाद 'हम पीछे नहीं हटेंगे' – युद्ध के दौरान सैनिकों की भावना और हौसले को गहराई से दर्शाता है। राजस्थान में फिल्म के टैक्स फ्री होने पर फरहान अख्तर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया और इस फैसले को सैनिकों के साहस का सम्मान बताया।

रजनीश 'रेजी' घोष द्वारा निर्देशित और एक्सेल एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर तथा ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज़ के अमित चंद्रा द्वारा निर्मित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी स्थिर प्रदर्शन कर रही है। रिलीज के आठवें दिन फिल्म ने लगभग 40 लाख रुपये का कलेक्शन किया और अब तक इसकी कुल घरेलू कमाई 15.4 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। सोमवार को जहां फिल्म ने 1 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं लगातार बढ़ती कमाई दर्शाती है कि दर्शक इसे बेहद पसंद कर रहे हैं। बता दें कि फरहान अख्तर की वॉर ड्रामा फिल्म '120 बहादुर' इस समय देश भर में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। भारतीय सैनिकों की अदम्य वीरता और बलिदान को दर्शाने वाली यह फिल्म रिलीज के बाद से ही दर्शकों का दिल जीत रही है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in